卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्यय सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 161 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦18 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## व्यापारियों ने घेरा विधायक का कार्यालय

### पुनर्वास और मुआवजा नहीं मिलने पर आत्मदाह की धमकी, कल में नगर निगम प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनएचआई द्वारा गत दिवस एक ही दिन में दो सौ से अधिक दुकानों को ध्वस्त करने के खिलाफ व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों प्रभावित व्यापारी शनिवार को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा से मिलने उनके कार्यालय पर पहुंचे जहां विधायक के नही मिलने पर व्यापारियों ने कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि गत दिवस उजाड़े गये सभी व्यापारियों को उचित स्थानों पर पुनर्वास किया जाये साथ ही सभी को उचित मुआवजा भी उपलब्ध



कराया जाये ताकि प्रभावित व्यापारी अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा रात्रि में करीब 11 बजे रोडवेज के आसपास धारा 144 लगा दी गई और व्यापारियों को दुकानों से उनका सामान निकालने का मौका भी नहीं दिया गया। जिस कारण व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के दौरान भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारियों को समय रहते पुनर्वास एवं मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया गया तो व्यापारी विधायक कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि समस्त प्रभावित व्यापारी कल 19 मार्च को प्रातः दस बजे नगर निगम कार्यालय पहुंचकर मेयर से मुलाकात करेंगे। यदि निगम प्रशासन द्वारा व्यापारियों को रोकने का प्रयास किया गया तो वह जबरन निगम कार्यालय में प्रवेश करेंगे। जुनेजा (शेष पृष्ठ 7पर)

## अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड पर तड़के एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग जाने से दुकान सहित पास में बनी झोपड़ियां और कई वाहन भी आग की चपेट में आकर जल गए। आग इतनी विकराल थी कि सब कुछ जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी तीन वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के



अनुसार तड़के किच्छा मार्ग पर प्रीत विहार निवासी फईम पुत्र मेहंदी हसन की कबाड़ की दुकान में अज्ञात कारणों से आग भड़क गई। हवा में कुछ तेजी होने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में (शेष पृष्ठ 7पर)

## लाखों की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त चौकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को लाखों



रुपए कीमत की स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते एसएसपी ने बताया कि प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी एवं उनि फिरोज खान व एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा एक नशा तस्कर को मोटर साईकिल में अवैध स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। (शेष पृष्ठ 7पर)

## अंकिता हत्याकाण्ड के आरोपियों की पेशी के दौरान प्रदर्शन

### कोर्ट के बाहर नारेबाजी कर रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प, गिरफ्तार

कोटद्वार (उद ब्यूरो)। बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड मामले में तीनों आरोपियों को शनिवार को कोटद्वार एडीजे कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेशी के लिए लाया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों कोर्ट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कई कांग्रेस कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, जैसे ही पुलिस आरोपियों को लेकर पहुंची कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। उन्हें रोका तो कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प शुरू हो गई। जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट से सामने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जबरन गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि बीते 15



मार्च को एक आरोपी सौरभ भास्कर की जमानत याचिका कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद खारिज कर दिया था। लेकिन नियमित केस में तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ और अंकित गुप्ता पर आरोप तय करने की तिथि यथावत 18 मार्च रखी गई थी। जिसके लिए आज कड़ी सुरक्षा के बीच तीनों आरोपियों को एडीजे कोर्ट में लाया गया। तीनों आरोपियों की आज पेशी को लेकर (शेष पृष्ठ 7पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

**7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है**
**Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी**
**लोकेशनः** गदरपुर–गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनःगूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lid dj&9891277500

## दुकानें तोड़ने के बाद मलवा हटाने में जुटा प्रशासन

### एक सप्ताह में मार्केट वाली जगह पर नजर आयेगी सड़क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोडवेज के सामने जिस मार्केट पर कुछ दिन पहले तक रौनक नजर आती थी। आज वहां मलवे के ढेर लगे हैं। प्रशासन मलवे को हटाने के अभियान में युद्ध स्तर पर जुटा है। मलवा हटाने के लिए दर्जनों ट्रालियां लगायी गयी हैं। साथ ही पीड़ित व्यापारी भी अभी तक मलवे से अपने काम काम सामान समेटने में लगे हैं। जी–20 सम्मेलन की तारीख जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे सरकारी मशीनरी और भी एक्टिव होती जा रही है। रामनगर में 28 से 30 मार्च तक होने जा रही जी–20 समिट की पहली बैठक के लिए युद्ध



स्तर पर तैयारियां की जा रही है। बताया जाता है कि प्रशासन को सभी तैयारियां 25 मार्च तक पूरी कर लेनी है। इसके लिए अब तैयारियां और तेज कर दी गयी है। विदेशी मेहमानों के स्वागत की तैयारियों में देरी ना हो इसी लिए बीते शुक्रवार को प्रशासन ने भारी लाव लस्कर के साथ कुछ ही घंटों में एक दर्जन से अधिक जेसीबी मशीनों के साथ डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक करीब 150 दुकानों को मलबे के रूप में तब्दील कर दिया। हालाकि कल दोपहर तक भी यह तय नहीं था कि समोसा मार्केट भी हटायी जायेगी। लेकिन दोपहर बाद प्रशासन ने डीडी चौक से अग्रसेन चौक तक लगने वाली दशकों पुरानी समोसा मार्केट को भी जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त कर दिया। समोसा मार्केट को हटाने के लिए कुछ घंटे पहले ही फरमान सुनाया गया। अचानक कार्रवाई (शेष पृष्ठ 7पर)

## अब विश्वकर्मा मार्केट के व्यापारियों की धड़कनें हुई तेज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा गत दिवस एक ही दिन में दो सौ से अधिक दुकानों को ध्वस्त कर देने के पश्चात से अतिक्रमण की जद में आ रही किच्छा बाईपास मार्ग पर डीडी चौक के पास रोड़वेज की चाहरदीवारी के आगे स्थित विश्वकर्मा मार्केट तथा रोड़वेज के पास स्थित सुपर मार्केट के दुकानदारों की धड़कनें काफी तेज हो गई हैं। प्रशासन के तेवरों को देखते हुए उन्हें अब यह साफ दिखाई देने लग गया है कि उनकी दुकानें कभी भी पीले पंजे की चपेट में आ सकती हैं। जिसे देखते हुए अधिकांश दुकानदारों ने दुकान में रखा अपना सारा सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। प्रशासन इन दुकानों की ओर कब तिरछी नजर करेगा यह अभी निर्धारित नहीं है। परंतु गत दिवस का मंजर देख ऐसे सभी दुकानदारों के दिलों में दिन रात खौफ बना हुआ है। जहां तक विश्वकर्मा मार्केट के टूटने का प्रश्न है तो इसके लिए प्रशासन पहले भी कई बार प्रयास कर चुका है। परंतु राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण प्रशासन अपने काम को अंजाम नहीं दे पाया। परंतु अब पस्थितियां काफी बदली सी दिखाई दे रही हैं। अधिकारी वर्ग व्यापारियों पर पूरी तरह से हावी हो चुका है। वहीं विरोध के स्वर दबाने के लिए अधिकारियों द्वारा बनाई गई रणनीति भी पूरी तरह से कामयाब हो चुकी है। ऐसे में प्रशासन यहां कभी भी (शेष पृष्ठ 7पर)

## हादसों को दावत दे रही एनएच की लापरवाही

### मेडिसिटी के सामने आये दिन हो रहे हैं हादसे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनएच 74 पर जगह जगह सड़क निर्माण में लापरवाही लोगों को भारी पड़ रही है। एनएचएआई की लापरवाही से आये दिन हाई वेपर लोग हादसों में जान गंवा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद एनएचएआई अपनी जिम्मेवारी से मुंह मोड़ रहा है। हाईवे पर मेडिसिटी अस्पताल के सामने भी एनएचएआई की लापरवाही सड़क हादसों के रूप में सामने आ रही है। बीती रात भी यहां पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर



डिवाइडर पर चढ़ गया। संयोग से इसमें किसी की जान नहीं गयी। दरअसल मेडिसिटी के सामने एनएच पर लाईट की कोई व्यवस्था (शेष पृष्ठ सात पर)

## तांत्रिक ने लूट ली विवाहिता की आबरू

### प्रेम विवाह के फलस्वरुप जेठ ने भी किया अस्मत से खिलवाड़

काशीपुर( उद संवाददाता)। प्रेत बाधा से निजात दिलाने के नाम पर विवाहिता को विश्वास में लेकर एक तांत्रिक ने उसकी आबरू लूट ली। पीड़िता ने प्रेम विवाह किया था। इसी का फायदा उठाकर जेठ ने भी पुत्री समान छोटे भाई की बहू को दुष्कर्म का शिकार बनाया। पीड़िता ने जब अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो स्थानीय पुलिस ने मामले को झटके में दरकिनार कर दिया। घटना के लंबे समय बाद कोर्ट के निर्देश पर फिलहाल आरोपी पति समेत सास ससुर जेठ को मामले में नामजद करते हुए एक तांत्रिक को भी पुलिस ने कानून के दायरे में लिया है। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि लगभग 8 वर्ष पूर्व उसकी शादी जुम्मा वाली गली सरकारी नल के पास हरथला मुरादाबाद निवासी इसरार पुत्र रमजानी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी के कुछ दिन ठीक–ठाक भी थे लेकिन इसके बाद उसकी अचानक तबीयत खराब रहने लगी। इस दौरान सास रहमत, ससुर रमजानी, जेठ इंतजार और पति इसरार ने एक मुस्लिम तांत्रिक को बुलाया। चारों ने मिलकर विवाहिता को एक कमरे में बंद कर दिया। तांत्रिक ने देखने की बात बताया कि विवाहिता पर हवाई असरात है। इलाज के नाम पर तांत्रिक ने उसे कपड़ा सुना कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या का आरोपी छः साल बाद हुआ गिरफ्तार

देहरादून। सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद युवती की हत्या करने के मामले में पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को बिहार के सीतामढ़ी से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बिट्टू साहनी उर्फ सुरेंद्र साहनी निवासी लक्ष्मीपुर जिला सीतामढ़ी बिहार के रूप में हुई है। प्रकरण में कुल नौ आरोपित शामिल थे, जिसमें आठ को अभी तक पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि 25 हजार रुपये का एक आरोपित जयकरण सिंह अभी भी फरार है। शुक्रवार को कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी सिटी सरिता डोबाल ने आरोपित की गिरफ्तारी का पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई 2017 को मसूरी से करीब 12 किलोमीटर दूर चूनाखाला के जंगल में एक युवती का शव पेड़ से लटका मिला। शव का चेहरा बुरी तरह से झुलसा हुआ था। युवती उत्तरकाशी जनपद की रहने वाली थी, जिसकी गुमशुदगी पहले से दर्ज थी। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि युवती के साथ पहले सामूहिक दुष्कर्म किया गया है और इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान छिपाने के लिए आरोपितों ने तेजाब से उसका चेहरा जला दिया था और शव जंगल में पेड़ पर टांग दिया। पुलिस ने शव के पास से एक मोबाइल बरामद किया। जांच में पता चला कि मोबाइल तो मृतका का है, लेकिन सिम



कार्ड बिहार के पते पर मिला। सिम की जब पड़ताल की गई तो उसमें एक नंबर युवती के गांव के युवक का मिला। जिसपर युवती ने बात की थी। जब पुलिस ने उस युवक से पूछताछ की तो पता चला कि युवती 12 जुलाई 2017 को देहरादून किसी अन्य युवक से मिलने आई थी। इस दौरान पुलिस ने जब उस युवक से पूछताछ की तो पता चला कि युवती देहरादून आई थी, लेकिन वह उसी दिन गांव जाने के लिए बस में बैठ गई थी। पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि देहरादून-मसूरी हाईवे पर बस से उतरकर युवती मसूरी के भट्टा गांव चली गई। भट्टा गांव में कुछ श्रमिक निर्माण कार्य में लगे थे। युवती ने बात करने के लिए श्रमिकों से फोन मांगा। इस बीच एक श्रमिक ने बात करने के लिए उसे अपना सिम दे दिया। युवती ने यह सिम अपने मोबाइल फोन में लगा दिया। इस बीच श्रमिकों ने युवती को अकेला पाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए उन्होंने चूनाखाला से करीब दो किमी अंदर जंगल में एक पेड़ से उसका शव लटका दिया। इससे पहले उन्होंने एसिड से उसका चेहरा बुरी तरह से जला दिया ताकि कोई उसे पहचान न पाए। सभी आरोपित इसके बाद फरार हो गए। पुलिस ने शव के पास मिले सिमकार्ड के आधार पर आरोपित श्रमिक ठगा मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने सभी आरोपितों के नाम पुलिस को बता दिए। पुलिस ने सभी नौ आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस सात आरोपितों को पूर्व में गिरफ्तार किया था। जबकि दो आरोपित बिट्टू साहनी उर्फ सुरेंद्र साहनी और जयकरण सिंह फरार थे। इनकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। इस बीच जांच कर रहे मसूरी कोतवाली के एसएसआइ मसूरी कोतवाली शोएब अली को पता चला कि आरोपित बिहार के सीतामढ़ी क्षेत्र में है। इस पर एक टीम बिहार गई। जहां से बीते 15 मार्च को बिट्टू साहनी उर्फ सुरेंद्र साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एनएच-74 घोटाले में दस आरोपियों के मामले में सुनवाई पूरी, निर्णय सुरक्षित

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रदेश के चर्चित एनएच-74 घोटाले के दस आरोपियों के मामले में सुनवाई की। न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने सभी मामलों की सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया है। एनएच के आरोपी डीपी सिंह, अर्पण कुमार, संजय कुमार चौहान, विकास कुमार, भोले लाल, भगत सिंह फोनिया, मदन मोहन पलड़िया, बरिंदर सिंह उर्फ बलवंत सिंह, रमेश कुमार व ओम प्रकाश ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर निचली अदालत के 28 अप्रैल 2022 के आदेश को चुनौती दी थी। इसमे ईडी से इनके खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज करने के लिए कहा गया था। इसके बाद ईडी ने उनके खिलाफ अलग -अलग मुकदमे दर्ज किए। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि यह आदेश गलत है। पहले दर्ज मुकदमों को वापस नहीं लिया जा सकता। घोटाले में आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग शिकायतें दर्ज हैं, किसी के खिलाफ एक तो किसी के खिलाफ दो या तीन शिकायतें दर्ज हैं। डीपी सिंह के खिलाफ सात शिकायतें दर्ज हैं। यदि वह एक केस में भी उपस्थित नहीं होने का प्रार्थनापत्र देते हैं, तो उन्हें अन्य छह केसों में भी प्रार्थना पत्र देना पड़ेगा। अन्यथा उनके खिलाफ कुछ और आदेश हो सकता है। इसलिए इस आदेश को निरस्त किया जाए।एनएच 74 घोटाले में एसआईटी ने वर्ष 2017 में 2011 करोड़ रुपये घोटाले की पुष्टि की थी जिसमें कई अधिकारी, कर्मचारी व किसान शामिल रहे। इसमें किसानों की ख्रषि योग्य भूमि को अख्रषि दिखाकर यह कार्य किया। 1 मार्च 2017 को तत्कालीन आयुक्त सेंथिल पांडियन ने घोटाले की आशंका जताई। जिला अधिकारी ऊामसिंह नगर को जांच के आदेश दिए। जांच सही पाए जाने पर तत्कालीन एडीएम प्रताप साह ने पंतनगर के सिडकुल थानेमेंमुकदमा दर्ज कराया। घोटाले में उक्त के अलावा कई लोगों के नाम सामने आए जिन्हें जेल भेज दिया गया। दो आईएएस अधिकारी भी मामले में निलंबित हुए थे। अभी एनएच 74 घोटाले के आरोपी जमानत पर हैं।

# शक्ति नहर किनारे से 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने को दिया नोटिस

देहरादून। देहरादून के विकासनगर में शक्ति नहर किनारे से अतिक्रमण और अवैध कब्जों को हटाने की जल विद्युत निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। जल विद्युत निगम ने शनिवार को नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर कब्जे हटाने के आदेश जारी किए हैं। नोटिस मिलने के बाद कब्जाधारियों में हड़कंप की स्थिति है। वहीं, कब्जे हटाने के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से शक्ति नहर को भी बंद करने का आदेश जारी किया गया है। वहीं,



प्रशासन से जेल पुलिस की व्यवस्था कराने की मांग भी की है। शक्ति नहर के दोनों किनारों पर स्थित जल विद्युत निगम की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके रह रहे 600 परिवारों को निगम ने अपने कब्जे हटाने के नोटिस जारी किए थे। नोटिस की मियाद पूरी हो चुकी है जिसके चलते जल विद्युत निगम प्रशासन के साथ कब्जे हटाने की तैयारी को लेकर रणनीति बनाने में जुटा हुआ है। वहीं, शनिवार को फिर से नोटिस जारी किया गया है।

# फर्जीवाड़े में सीबीआई ने किया हाईकोर्ट के रजिस्ट्री विभाग के अज्ञात अधिकारियों और पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून। 19 साल पुराने बहुचर्चित अंगेलिया हाउसिंग फर्जीवाड़े में सीबीआई ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्री विभाग के अज्ञात अधिकारियों और पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अंगेलिया हाउसिंग प्राइवेट लि. की सात हजार बीघा जमीन से संबंधित एक केस वर्ष 2004 में हाईकोर्ट दायर हुआ था। इस केस में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं हुआ। इस याचिका के साथ ही देहली कंपनी लाबोर्ड प्रिंसिपल बेंच दिल्ली हाईकोर्ट में भी अंगेलिया हाउसिंग की एक याचिका विचाराधीन थी। इसी बीच एक पक्षकार मौसमी भटाचार्यजी निवासी विद्युत निकुंज, पटपड़गंज, दिल्ली ने अपने साथियों के साथ खुद को फायदा पहुंचाने के लिए हाईकोर्ट के तीन फर्जी आदेश बनाकर कोर्ट में पेश किए थे। लेकिन, कुछ वर्षों के बाद सोसायटी के डायरेक्टर संतोष कुमार बंगला को इसका पता चल गया। उन्होंने इसकी शिकायत हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से की। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की जांच कराकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश रजिस्ट्रार जनरल को दिए थे। रजिस्ट्रार जनरल ने 2013 में ही इस मामले में नैनीताल के मल्लीताल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में यह मुकदमा दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया। लेकिन, जब तक हाईकोर्ट की अगली कार्रवाई होती, दिल्ली पुलिस इसमें अंतिम रिपोर्ट लगा चुकी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले की क्रिमिनल रिट याचिका के रूप में सुनवाई की। इसी बीच कंपनी के डायरेक्टर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। पूर्व में कोर्ट ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिए थे कि मामले की जांच इन-हाउस करें। जांच में कोर्ट का कोई आदेश हाईकोर्ट की फाइल में नहीं पाया गया। इसकी रिपोर्ट रजिस्ट्रार जनरल ने सील बंद लिफाफे में कोर्ट में पेश की। तब पता चला कि ये तीनों आदेश फर्जीवाड़ा कर बनाए गए हैं। इसमें प्रथम दृष्टया हाईकोर्ट की रजिस्ट्री विभाग के कुछ अधिकारियों का हाथ माना गया। हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2022 को सीबीआई जांच के आदेश दिए। सीबीआई ने जांच के बाद अब मौसमी भटाचार्यजी, धरमपाल यादव, कलिराम यादव, नरेश कुमार निवासी शास्त्रीनगर, मेरठ और अवधोश कुमार को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। इसमें हाईकोर्ट की रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों के नाम अज्ञात हैं।अंगेलिया हाउसिंग की सात हजार बीघा भूमि में फर्जीवाड़े का मामला अधिवक्ता राजेश सूरी ने वर्ष 2004 में उठाया था। उन्होंने इसकी शिकायत विभिन्न विभागों से करने के साथ एक याचिका हाईकोर्ट में भी दाखिल की थी। आरोप लगाया था कि इस जमीन को फर्जीवाड़ा कर खुर्दबुर्द किया जा रहा है। राजेश याचिका की सुनवाई के लिए नैनीताल आते-जाते रहते थे। वर्ष 2014 में नैनीताल से लौटते वक्त उनकी रहस्यमय ढंग से मौत हो गई थी। उनकी बहन रीता सूरी ने हत्या का आरोप लगाते हुए रविकांत किरियाना समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली में दर्ज इस मुकदमे की विवेचना अब भी एसपी क्राइम की अध्यक्षता वाली एसआईटी कर रही है। अधिवक्ता की हत्या के बाद भी जमीन को खुर्द बुर्द करने का काम बंद नहीं हुआ। राजेश सूरी के बाद इस लड़ाई को उनकी बहन रीता सूरी ने आगे बढ़ाया। अब वह इस मामले की पैरवी कर रही हैं। एक याचिका हाईकोर्ट में लंबित है। वर्ष 2019 में उनकी अर्जी पर ही इस जमीन को राज्य सरकार में निहित किया जा चुका है।

# पहाड़ों पर बारिश से मैदान में गिरा पारा

हल्द्वानी। नैनीताल समेत पहाड़ों पर बारिश से मैदानी क्षेत्रों का पारा गिर गया है। पिछले दो दिनों में औसत तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरावट देखने को मिली है। वहीं चारधाम क्षेत्र में भी बफबारी हुई। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते इन दिनों मौसम हवाओं का अहसास होने लगा। शहर का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। दो दिन पूर्व शहर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। इधर, नैनीताल और वर्षा, चोटियों पर हिमपात की संभावना है। साथ ही निचले क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि और अंधड़ को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। पिथौरागढ़ में शुक्रवार को आसमान बादलों से घिरा रहा। उच्च हिमालय में हिमपात हुआ। जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई।



लगातार करवट बदल रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार रुक-रुककर वर्षा का क्रम जारी है। हल्द्वानी में सुबह से धूप खिली रही, लेकिन दोपहर बाद हवा की रफ्तार काफी तेज हो गई, जिससे ठंडी मुक्तेश्वर में पांच एमएम बारिश दर्ज हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज बदले रहने का अनुमान है। शनिवार को भी पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की तापमान में गिरावट से एक बार फिर सर्दी वाला मौसम लौट चुका है। धारचूला से मिली जानकारी के अनुसार बूंदी से लेकर चीन सीमा लिपुलेख तक हिमपात हुआ है। बूंदी से छियालेख के बीच भारी हिमपात और हिमपात के चलते हुए भूस्खलन से मार्ग बंद हो चुका है। उच्च हिमालय गए 10 से 12 वाहन छियालेख में फंसे रहे। धारचूला से उच्च हिमालय को जाने वाले वाहन बूंदी से वापस लौटे। मौसम का मिजाज बदला हुआ है। नैनीताल में शुक्रवार दोपहर एक बजे मौसम ने तेजी से करवट बदली। तेज वर्षा के साथ ओलावृष्टि से करीब तीन घंटे तक पूरा नगर ठहर सा गया। सड़क समेत भवनों की छतों व अन्य स्थानों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई। मौसम विभाग के अनुसार 29 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई। इस बीच शहर के अधिकतर हिस्सों की बिजली गुल हो गई। देर शाम तक ऊर्जा निगम की टीम लाइनों को दुरुस्त करने में लगी रही। सीमांत जिलों में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। शुक्रवार को चंपावत जिले के अधिकांश जगहों पर सुबह से ही बादल छाए रहे। इससे ठंड बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों में चंपावत जिले में 2.5 मिमी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने 21 मार्च तक वर्षा की संभावना बने रहने की बात कही है। 18 व 19 को बादलों के बीच कुछ जगह छिटपुट वर्षा हो सकती है, जबकि 20 व 21 मार्च को चंपावत, पिथौरागढ़ जिलों के अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# नर्सरी के विभिन्न प्रजाति के पौध देख डीएम हुई प्रभावित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने तहसील पिथौरागढ़ के अंतर्गत स्थित ग्राम पातल पोखरी में चंद्र बल्लभ कापड़ी द्वारा संचालित पुष्प नर्सरी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चंद्र बल्लभ कापड़ी द्वारा तैयार किये गये विभिन्न प्रजाति के पुष्प के पौधों को देखा तथा नर्सरी में तैयार किए गए विभिन्न प्रजाति के पुष्प पौध देखकर बहुत प्रभावित हुई। जिलाधिकारी ने कापड़ी के कार्यों की सराहना की और फूलों का बुके तैयार करने की ट्रेनिंग लेने का सुझाव दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य को



निर्देश दिए कि चन्द्र बल्लभ कापड़ी का विजिटिंग कार्ड सभी विभागों में वितरित किया जाए ताकि विभाग नर्सरी से पुष्प पौध खरीद सकें। पुष्प नर्सरी संचालक कापड़ी ने बताया कि उनके द्वारा लगभग 60 विभिन्न प्रजाति के पुष्प पौध तैयार किये जा रहे हैं। उन्हें नर्सरी व्यवसाय से लगभग रुपये 50 हजार वार्षिक आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी नर्सरी से तैयार पुष्प पौध आर्मी एवं स्थानीय बाजार में उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री कापड़ी ने बताया कि उन्हें उद्यान, कृषि आदि विभागों से पुष्प नर्सरी विकसित करने में पर्याप्त सहयोग मिला है। जिला उद्यान विभाग ने तारबाड़ एवं कृषि विभाग ने सिंचाई टैंक बना कर दिया है।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085

डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085, 9997327642



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# दुकान से नगदी समेत हजारों का माल चोरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक दुकान में धावा बोलकर हजारों की नगदी और सामान चोरी कर लिया। चोरी को अंजाम देने वाले तीन चोरों की फुटेज सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुयी है जिसमें से दो को दुकान स्वामी ने पहचान लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में वार्ड नं. दो कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी संजीव कुमार



पुत्र राम चन्द्र ने बताया कि उसकी कृष्णा कालोनी मोड़ पर माही इलेक्ट्रोनिक के नाम से दुकान है। शुक्रवार की रात वह रोजाना की तरह साढ़े दस बजे दुकान बंद करके घर चला गया। शनिवार सुबह दुकान पर आया तो दुकान का पीछे के दरवाजे का एक हिस्सा जला हुआ था। दुकान से 35 हजार की नगदी और 20 हजार का सामान चोरी कर ले गये थे। जब पड़ोस में लगे सीसी टीवी कैमरे को चैक किया तो उसमें तीन लोग चोरी करने के लिए दुकान के अंदर आते हुए नजर आये। जिनमें से दो लड़को को उसने पहचान लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़िता कहना है जिन लोगों पुलिस ने हिरासत में लिया है उनके परिचित लोग उसे धमका रहे हैं।

# दिल से भक्ति करने पर चले आते हैं श्रीकृष्ण

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रभु मिलन की तीव्र भावना ही गोपी है। गोपी कोई स्त्री, पुरुष नहीं, श्रीकृष्ण पुरुष नहीं पुरुषोत्तम परमात्मा है। यह विचार संत त्यागपुरी ने श्री अद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कही। उन्होंने श्रीकृष्ण द्वारा गोमियासुर का वध करने का भी विस्तार से प्रसंग को बताया। उन्होंने श्रीकृष्ण सुदामा प्रेम मिलन पर कहा कि श्रीकृष्ण ने गरीबी, अमीरी नहीं देखी। जो भक्त दिल से ईश्वर का स्मरण करता वह उनके लिए दौड़ चले आते। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की झांकी का भी संजीव प्रस्तुति की,



जिससे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। प्रेम की डोर में बंधते हैं भगवान। इस दौरान संत ध्यानपुरी, संत व्यासपुरी, संत सनातनपुरी ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन किया। इससे पूर्व परमपूज्यनीय संत अगमपुरी महाराज एवं संत अनुरापुरी कुरुक्षेत्र के आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार बजाज, टीकम खेड़ा, वेद ठुकराल, ओम बठला, देशराज हुडिघ्या, विजय शर्मा, वन्दना शर्मा, केवल कृष्ण, सन्नी गाबा, दर्शन लाल ठुकराल, लाल, चन्नू कम्बोज, लाल चन्द बत्रा, मनोज गुम्बर, अशोक ठुकराल,सुनील बजाज, वेद ठुकराल, हंसराज ग्रोवर, दीवान चन्द अनेजा, धर्मपाल ठुकराल, धर्मवीर, हरदयाल गाबा राखी बजाज, सीमा रानी, ममता रानी, मन्नी बजाज, अनिता गाबा, नेहा बजाज सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# बिना स्वीकृत निर्माणाधीन दुकानों व कालोनी की सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के ऊपर फिर से डंडा चलाना शुरु कर दिया है। अतिक्रमण और बिना नक्शे पास किए होने वाले निर्माणों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। विकास प्राधिकरण और प्रशासन की ओर से की जा रही इस कार्रवाई से अवैध निर्माणों को अंजाम दे रहे लोगों के दिलों की धड़कने बढ़नी शुरू हो गई है। प्राधिकरण और प्रशासन की टीम ने भोटिया पड़ाव और कमलुवागांजा क्षेत्र में कार्रवाई की। भोटिया पड़ाव क्षेत्र में अनिल कुमार विनायक निवासी भोटिया पड़ाव द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के 3 दुकानों का निर्माण किये जाने के कारण प्राधिकरण की टीम द्वारा मौके पर सील कर दिया गया है। टीम मे अपर सहायक अभियंता अंकित बोरा, अपर सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार, राकेश आर्य व मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। साथ ही कमलुवागांजा गौड़ पिटकुल कार्यालय के पास दीपक टंडन आदि के द्वारा खाता संख्या 0157 के खसरा संख्या 23/3, 27/1, 29, 30 व 31 मे अवैध रूप से कालोनी काटे जाने के कारण चालानी कार्यवाही करते हुए रजिस्ट्रार, तहसीलदार एवं रेरा उत्तराखंड को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

# उत्तरी दीर्घाकर समिति के वार्षिक अधिवेशन में सदस्यों को 9 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा

सितारगंज(उद संवाददाता)। बहुद्देशीय उत्तरीय दीर्घाकार सहकारी समिति के वार्षिक अधिवेशन में 110 लाख का बजट पारित किया है। आगमी वर्ष में 19.59 लाख का लाभ होने का अनुमान लगाया गया। वर्ष 2022-23 के लिए समिति का अधिकतम दायित्व 25.06 करोड़ पारित किया गया। समिति के सचिव राकेश त्यागी ने आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया।समिति के अध्यक्ष चरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में समिति सदस्यों को 9 प्रतिशत लाभांश देने का निर्णय लिया गया। यहां समिति के पुराने भवन मेन चौराहे पर दुकानें बनाने की घोषणा की। जीर्ण क्षीर्ण उर्वरक गोदाम को भी ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति संचालक रामभरोसे सिंह राणा ने ऋण की अदायगी समय से करने का आह्वान किया। सूरज नारायण ने समिति को अपना व्यवसाय बढ़ाने पर जोर दिया। यहां उधम सिंह सहकारी बैंक के प्रबंधक शंकर सहाय, बिडौरा शाखा के प्रबंधक महेंद्र पाल, सुरेश सती, सुमित वर्मा, ताहिर मलिक, विरेंद्र राणा, नर सिंह राणा मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर जताया आभार

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा व अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकताओं ने सख्त नकल विरोधी कानून लाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर




सिंह धामी का आभार जताते हुए रैली निकाली। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खूब सिंह विकल नहीं कहा कि नकल रोकने के लिए सीएम धामी नाम ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश का सबसे सख्त कानून बनाया है। शुक्रवार को नकुलिया चौक पर भाजपा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर नकल विरोधी कानून लाने के लिए सीएम धामी का आभार व्यक्त किया। रैली को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता विकल ने कहा कि सीएम धामी के प्रयासों से उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बना, जहां नकल रोकने के लिए सबसे अधिक सख्त कानून लाया गया। अब प्रदेश में कोई भी नकल करने या कराने की सोच नहीं सकता। इस सख्त कानून में नकल का दोषी पाए जाने पर अभ्यर्थी को तीन साल की कैद और पांच लाख का जुर्माना। दूसरी बार नकल करते पाए जाने पर दस साल की कैद और दस लाख का जुर्माना देना होगा। वही नकल को लेकर संगठित अपराध की दशा में जेल के साथ दस करोड़ तक जुर्माना देना होगा। रैली में भाजपा नेता राकेश त्यागी, सरफराज अहमद अंसारी, रिजवान खान, ललित सक्सेना, रियाज अहमद, शमशुद्दीन अंसारी, शमीम खां, मो. शाहिद, नसीम, आरिफ मंसूरी, मो. जीशान, वसीम कुरैशी, मुशीर लारी आदि शामिल थे।

# जागरुकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक भागीदारी की जरूरत

किच्छा(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के मौके पर सक्रंमण रोग, आपदा व आपात स्थिति समुदायिक जागरूकता बैठक ग्राम सभा नौसर में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। बैठक में सी0एच0ओं0, आशा, आगंनवाडी, ग्राम सदस्यों के साथ 45 लोगो ने प्रतिभाग किया। उक्त जानकारी देते हुए (आईडीएसपी) प्रभारी डा0 पंकज कुमार द्वारा वर्चअल के माध्यम से जानकारी देतेह हुए बताया कि ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में पॉयलट प्रोजेक्ट हेतु राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय एवं रोग नियंत्रण व रोक थाम केन्द्र (सीडीसी) के सहयोग से सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों को लेकर बैठक का आयोजन कर बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।जिसके उपरान्त (सी0डी0सी0) डा0 राजीव शर्मा ने बैठक को बर्चुअल के माध्यम से सम्बोधित किया तथा बताया कि समुदाय का पहली प्रक्रिया रोग निगरानी, चेतावनी, संकेत एवं जागरुकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक भागदारी में सुधार



करने की आवश्यकता है। इसके अलावा डा0 अमृता गुप्ता द्वारा भी वर्चुअल के माध्यम से बैठक को सम्बोधित किया गया, जिसमें उन्होंने टीकाकरण के महत्व व लाभ के बारे में संक्षिप्त रुप से बताया, तथा सरकार द्वारा गर्भावस्था से लेकर 5 साल तक के बच्चों के समय सारणी के अनुसार टीकारण की पूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उक्त जागरूकता बैठक मे राज्य आईडीएसपी के सहयोग से बैठक का आयोजन किया गया। आशा एक्नक्स जॉन, मरियम पाल, अनीता, आंगबाड़ी कार्यकत्री, गीता मीना, संजीदा, रमेश, राजेश, नीलम, दुर्गावती आदि लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस शिविर का शुभारंभ सोनू वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प भेंट कर किया गया। सोनू वर्मा ने एन एस एस स्वयंसेवकों के संग प्रात: योग और एन एस एस लक्ष्य गीत गाकर चतुर्थ दिन के कार्यक्रम को हरी झंडी दिखायी। सोनू वर्मा द्वारा एन एस एस स्वयंसेवकों कोराष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यनिष्ठा को सरहना देते हुए विशेष शिविर के सफलतम सम्पन कराने कि शुभकामनाएं दी। एन एस एस स्वयंसेवकों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के अभियान के लिए ग्राम शिवपुर को चुना, सर्वप्रथम ग्राम शिवपुर में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता रैली निकालीगई, जागरूकता रैली में ग्रामवाशियों कोस्लोगनएवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्वों को समझाया गया, इस नुक्कड़ नाटक में एन एस एस स्वयंसेवक अंकित बत्रा, शबनम,अभिषेक, मोहसिम, अंकुश, रोहन, प्रियांशु एवं विशाल आदि रहें द्य श्रमदान के अन्तर्गत ग्राम शिवपुर




में साफ-सफाई अभियान चलाया गया एवं ग्रामवाशियो को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बार उपयोगी प्लास्टिक के न उपयोग करने के लिए संकल्पित किया गया। बौद्धिक सत्र में प्रियरंजन तिवारी (आई.टी. एनालिस्ट) द्वारा छात्रों कोबताया गया कि हमारे पर्यावरण से प्रत्येक व्यक्ति, पशु, जीव-जन्तु जुड़े हुए है यदि हमारे पर्यावरण के पारिस्थितिकी तन्त्र से कोई भी एक कड़ी टूटता है तो सीधे हमारे जीवन शैली पर प्रभाव पड़ता हैद्य उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षित है तो हम सुरक्षित है द्य आज के समय में अत्यधिक गर्मी, अतिवृष्टि, सूखा पड़ना आदि सब असन्तुलित पारिस्थितिकी के कारण ही हो रहा है, अत: हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर आगे आकर उचित कदमउ ठाना चाहिए द्य इस दौरान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह और सिक्स सिग्मा कॉलेजऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य माननीय ललित सिंह बिष्ट जी, संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंधक निदेशक सी ए शिव अरोरा, निर्देशिका डा.सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन एस एस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एनएसएस के महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा, नेहा मण्डल, मुनीष कुमार, कार्तिक हालदार, हर्षित सक्सेना,नित्यानन्द बिश्वास, अमित प्रकाश, शाहिल छाबड़ा एवं दीपिका नेगी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# मंडल रेल प्रबंधक को भेजा ज्ञापन

काशीपुर(उद संवाददाता)। लायंस क्लब काशीपुर सिटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव के नाम संबोधित समस्यायों का ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक रवि शंकर सिंह को सौंपा। स्टेशन अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि वह ज्ञापन के बारे मे मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य सम्बंधित वरिष्ठ रेल अधिकारियों को अवगत करा कर शीघ्र ही भेज देंगे। भेजे पत्र में काशीपुर से वाया लखनऊ गोरखपुर तक सीधी ट्रेन चलाई जाए, रामनगर से नई दिल्ली तक प्रात: कालीन जन शताब्दी ट्रेन चलाई जाए जो कि सुबह 5 बजे चलकर 10 बजे तक नई दिल्ली पहुंचे वापसी मे सांय 5 बजे नई दिल्ली से चलकर काशीपुर रात्रि दस बजे तक काशीपुर पहुंचे। रामनगर से काशीपुर से एक ट्रेन सुबह 5 बजे सीधी हरिद्वार देहरादून के लिए चलाई जाए जो सांय 5 बजे देहरादून से चलकर रात्रि दस बजे काशीपुर पहुंच सके। रामनगर से हरिद्वार जाने वाली ट्रेनें संख्या 15034/15033 को फिर से शुरू किया जाए। तीर्थ स्थल अयोध्या एवं वाराणसी के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए, रामनगर से मुरादाबाद के बीच कोरोना काल में बंद की गई सभी ट्रेनों को शीघ्र ही शुरू किया जाए। 22 मार्च से शुरू हो रहे चौती मेले में आने वाले हजारों यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाए, काशीपुर स्टेशन के तीनो प्लेटफार्मो को हाई लेबल किया जाए जिससे कि यात्रियों को ट्रेनें मे चड़ने उतरने मे दिक्कत न हो, सभी ट्रेनों का ठहराव 5 मिंट किया जाए,स्टेशन परिसर मे पानी के जगह जगह ऑटोमैटिक मशीनें लगाई जाए, काशीपुर स्टेशन पर आस पास के सभी इतिहासिक एवं धार्मिक स्थल द्रोणा सागर, गिरीताल मोटेश्वर महादेव मंदिर, चौती मंदिर समेत अन्य पर्यटक स्थलों की जानकारी के बोर्ड फोटो समेत लगाए जाए।

# हत्या की या आत्महत्या, पति की तलाश में जुटी पुलिस

## एकांत मकान में महिला और तीन मासूम बच्चों के मिले थे शव परिवारजनों की आर्थिक तंगी होना भी घटना का बड़ा कारण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय के समीप गुरुवार की सायं घिरौली जोशीगांव में बने मकान के समीप कुछ लोग पानी की लाइन सही करने गए थे। तभी वहां भीषण दुर्गंध महसूस हुई। उन्होंने इसकी सूचना मकान मालिक को दी। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी,जिसके बाद कोतवाल कैलाश नेगी अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुँचे। मौके में पहुँची पुलिस टीम को कमरे का दरवाजा बंद मिला जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर एक साथ चार लाशें देखकर सभी भौचक्के रह गए। वही घटना में सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर घटना में मृतकों के होली के समापन होने के बाद नही दिखने की बात सामने आई है ऐसे में सभी मृतकों के एक सप्ताह पूर्व ही घटना घटित होने की आशंका जताई जा रही है, वही सड़ी गली अवस्था मे लाशें मिलने की सूचना मिलते ही एसपी हिमांशु वर्मा, एसडीएम हरगिरि, सीओ अंकित कंडारी भी मौके पर पहुँचे,मृतकों में नीमा देवी पत्नी भूपाल राम के अलावा 13 साल की बेटी अंजलि, सात साल का बेटा कृष्णा और डेढ़ साल का बेटा भाष्कर शामिल हैं। मृतक महिला नीमा के पति भूपाल राम पर धोखाधड़ी का भी मामला चल रहा है,वही घटना के बाद मृतका के पति को पुलिस ढूंढने में जुटी है,मामले में पहली बार जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में चार की मौत होने की सूचना आग की तरह फैल गई,वही मामले में पति का घर पर नही होना,एक सप्ताह पूर्व से मृत हालत में एक




पत्नी का अपने तीन मासूमों के साथ मृत हालत में मिलने की घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है,वहीं घटना की सूचना होने के बाद भी पति का पुलिस के सामने नही आना एक पहेली बना है, वही पूर्व की परिस्थियों को देखते हुए लापता चल रहे पति को ढूंढने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है, जानकारी के आधार पर एसपी ने तीन टीमों का गठन कर मृतका के पति को मामले में आवश्यक जांच हेतु खोजबीन में जुट गई है। वही अभी तक मृतका का पति पुलिस के सामने नही आया है। लोगों ने मृतका के पति पर नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों ने ठगी करने के भी आरोप लगाए है। वही ग्रामीणों ने बताया कि मृतका का पति दो दिन पूर्व अपने गांव में ही था। वही सूत्रों से मिली जानकारी पर भूपाल राम द्वारा पिता का बनाया ढोलक को भी बेच दिया था, ठगी के आरोप में भूपाल राम की कार्यशैली से उनका परिवार भी दुखी रहता है, वही जिला अस्पताल में चारों शवों का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। वही घटना पर जिपं अध्यक्ष बसंतीदेव,कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल,पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने शोक जताया। वही ग्रामीणों और महिला के मायके पक्ष के लोगों ने संदिग्ध परिस्थियों में पहली बार जिले में तीन नाबालिकों और महिला की इस तरह मौत पर चिंता जताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की।वही पहली बार एक घर में इस तरह की घटना से सभी को झकझोर कर रख दिया है, ऐसे में घटना के कारण, महिला और परिवार के बच्चों पर पति के द्वारा लोगों को ठगी कराई जाने की विभिन्न घटनाओं से मानसिक रूप से स्तब्ध होकर घटना हुई या घटना से पूर्व किसी के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया, सभी पहलुओं की पुलिस गम्भीरता से जांच कर रही है,वही पुलिस जल्द फरार चल रहे मृतका के पति को पकड़ कर पूछताछ कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले का खुलासा करेगी। वही मामले में मनोवैज्ञानिक आधार पर पूर्व की स्थिति के अनुसार बच्चों के शिक्षण के लिए उनकी फीस जमा नही कर पाना, मृतका के पति की लगातार लोगों द्वारा ठगी करने की शिकायतें आना,परिवारजनों की आर्थिक तंगी होना भी इस घटना का एक कारण हो सकता है, ऐसे में विद्यालय में एक विद्यालय में मृतका के बच्चों की फीस जमा नही हो पाई जिस कारण शर्मवश घटनाको अंजाम दिया गया हो। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बच्चों द्वारा विद्यालय जाना भी छोड़ दिया था, जबकि विद्यालय द्वारा उन्हें फीस जब क्षमता होने तभी फीस जमा कराने की बात भी कही गई थी, ऐसे में फरार चल रहे मृतका के पति के ठगी करने की घटनाओं के बीच मृतका और उसके साथ रह रहे मृतक तीन बच्चों पर भी मानसिक रूप से दुष्प्रभाव पड़ना भी एक बड़ा कारण हो सकता है, पर पति की कारिस्थानी का बहुत बड़ा मानसिक रूप से उनके जीवन शैली में दुष्प्रभाव पड़ना भी एक बड़ा कारण हो सकता है, बहरहाल जिले में इस तरह की पहली घटना से हर कोई स्तब्ध है। वही घटना में सभी मृतकों की लाश सड़ने से बदबू आने तक मामले में किसी को जानकारी नही हो पाना भी पहाड़ में पहली घटना है। पर लाशों के सड़ा गला होने तक किसी को भी मामले में सूचना नही मिल पाई। वही सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई घटना की गहनता से जांच की जा रही है।अब मामले में मृतका के पति के पुलिस के सामने विभिन्न पहलुओं में विवेचना और घटनाक्रम की सभी पहलुओं से जांच के बाद ही मामले का पर्दाफाश हो पाएगा। वही मामले में आत्महत्या या किसी के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया होगा ये जांच के बाद ही पता चलेगा।

## धार्मिक एकता को मजबूती प्रदान करते हैं और उर्स जैसे आयोजन: शैलेंद्र मिश्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला खालसा स्थित दादा मियां की मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व शांति के लिए उर्स कमेटी के द्वारा उर्स का आयोजन किया गया। सैयद हसन अली दादा मियां सबकी मनोकामना पूरी करते हैं जिसमें कव्वालों ने विश्व शांति के लिए धार्मिक एकता के संदेश के लिए कव्वालियों की प्रस्तुति की। कव्वालियों में मुख्य रूप से अख्तर कव्वाल ने देशभक्ति की कव्वाली से वहां पर उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। प्रदेश से आए हुए विभिन्न क्षेत्रों के कव्वालो ने अपनी-अपनी कव्वाली तथा शेरो शायरी से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सैयद हसन अली दादा मियां की दरगाह पर हजारों लोग



मन्नते मांगते हैं और ऐसा विश्वास है की जो इनकी दरगाह पर मन्नत मांगता है वह मन्नत अवश्य पूरी होती है सैयद हसन अली की मजार का इतिहास कई वर्षों पुराना है उर्स का शुभारंभ सैयद हसन अली दादा मियां की मजार पर चादर चढ़ाकर व वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा फीता काटकर हुआ। इस मौके पर बोलते हुए शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि उर्स का आयोजन धार्मिक एकता का संदेश देता है और दूरदराज से आए हुए कव्वालो की कव्वाली का शब्दार्थ मानव एकता के उस संदेश की कड़ी को जोड़ता है जिसमें धार्मिक एकता के पुष्ट की ज्योति उजागर होती है। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कुल शरीफ हुआ जिसमें लोगों ने फातह पढ़ी। इस मौके पर सैयद ओवेश, सोहेल अब्बास, इलियास भारती ,शफीक अंसारी, पार्षद नजमी अंसारी ,सैयद आसिफ अली, फरमान अब्बास, नासिर, अकरम हुसैन, आमिर, राजा तथा सैकड़ों जायरीन शामिल थे।

## शक्तिफार्म से सिडकुल परिवहन सेवा शुरू करने के लिए सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म सिडकुल को परिवहन सेवा से जोड़ने की मांग को लेकर आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तहसीलदार सितारगंज जगमोहन त्रिपाठी के माध्यम से ज्ञापन सौपा।साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को भी इस आशय का पत्र लिखा। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा की शक्तिफार्म से हजारों की संख्या में प्रतिदिन युवा भाईयो, माताएं,बहनें दिहाड़ी मजदूरी नौकरी करने के लिए जाते है।सिडकुल स्थापना के बाद शक्तिफार्म की लाइफलाइन सिडकुल की नौकरी और दिहाड़ी मजदूरी बन गई है। कई वर्षो के संघर्ष के बाद सुखी नदी पर पुलिया निर्माण हुआ।क्षेत्र के अरविंदनगर, राजनगर,निर्मल नगर,



टैगोरनगर ,देवनगर, गुरुग्राम, बैकुंठपुर, गोविंद नगर, सुरेंद्र नगर,महेंद्र नगर, जयंतनगर, बाराफैमिली,पांच क्वाटर, तिलियापुर, बसगर,कुसमोठ आदि गांव से यदि परिवहन सेवा शुरू कर कर दिया जाएगा तो मजदूरों, नौकरी करने वाले लोगों को बहुत ही सुविधा मिल जायेगी। बरसात ,धूप,लूट ,रात्रि समस्या से निजात मिलेगी। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने विभिन्न विभागों को पत्र देते हुए कहा उत्तराखंड सरकार को तत्काल ही हजारों लोगो की सुविधा को देखते हुए परिवहन सेवा शुरू करनी ही होंगी।

## रमजान के महीने में लाइट ,पानी की व्यवस्था हो चाक चौबंद

काशीपुर(उद संवाददाता)। जमीयत उलामा हिंद के जनरल सेक्रेटरी अली अनवर ने मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि रमजान का पवित्र माह 22 मार्च 2023 से शुरू हो रहा है और यह निश्चित रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज के लिये बहुत बड़ा त्योहार है। रमजान महीने में सभी मुसलमान इबादत करते हैं। रमजान के माह में उत्तराखण्ड प्रदेश के समस्त जनपदों, हरिद्वार, देहरादून नैनीताल, उधम सिंह नगर आदि जिलों के मुख्य शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिद परिसर के आसपास साफ-सफाई व सहरी, इफ्तार के समय नियमित रूप से बिजली / पानी की आपूर्ति मस्जिद के पास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और पानी की व्यवस्था कराते हुए लो एस ऑर्डर के लिये पुलिस तथा सुरक्षा दृष्टि को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित करें। अली अनवर ने प्रशासन से यह भी अपील किया है कि रमजान के महीने में प्रत्येक रात्रि को तरावीह की नमाज अदा की जाती है, जिस कारण मस्जिदों में काफी भीड़ रहती है। ईद के दिन ईदगाह एवं मस्जिदों में भारी संख्या में नमाजी इबादत करते हैं। अत: ईदगाह व मस्जिदों के आस पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## जमानती के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोर्ट में किसी की जमानत लेना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपी के कोर्ट में पेश नहीं होने पर न्यायालय ने जमानती को हाजिर होने के लिए कहा। जमानती भी जब कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो उसके खिलाफ वारंट जारी हो गये। जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जमानती के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा निवासी लाखन सिंह पुत्र राम प्रसाद ने 2016 में किसी की जमानत ली थी और कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। जिसके बाद रम्पुरा पुलिस ने आरोपी लाखन सिंह के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

## मनोज सरकार को अवार्ड देकर सम्मानित किया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर को डिजिटल इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च फॉर प्रोफेशनल द्वारा सम्मानित किया



गया है। क्षेत्र के सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर संस्थान को मुंबई में आयोजित डिजिटल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च फॉर प्रोफेशनल द्वारा इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2023 में बड़ा बिजनेस के संस्थापक और देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर डॉ विवेक बिंद्रा एवं डीआइटीआरपी के चेयरमैन अमजद साठे द्वारा संस्था संचालक मनोज सरकार को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मनोज पिछले 9 वर्षों से क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से एक बेहतर समाज निर्माण के प्रयास में लगे हैं! निर्धन छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने में सदैव आगे रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र में खुशी का लहर है।

## उजड़े हुए पीड़ितों को अन्यत्र बसाकर राहत दी जाए: दीपक

गदरपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में शासन व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर 125 दुकानदारों को उजाड़े जाने पर गदरपुर व्यापार मंडल ने कड़े शब्दों में निन्दा की है। इस सम्बंध में व्यापार मंडल द्वारा पत्रकार वार्ता में व्यापारियों के साथ घोर अन्याय बताया। वार्ता करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि रुद्रपुर में शासन व प्रशासन द्वारा 125 दुकानदारों के अशियानों को जो उजाड़ा गया है उस कार्रवाई की गदरपुर व्यापार मंडल कड़े शब्दों में निन्दा करता है। बेहड़ ने कहा कि प्रशासन द्वारा 40से 50 फिट दूसरी पर बसे सरकारी स्थानों रोडवेज बस अड्डे, नगर निगम व पोस्ट आफिस व नगर निगम अन्य सरकारी भवन को तो नहीं तोड़ा गया जबकि कई वर्षो से बसे दुकानदारों जिनकी 57-58 फिट की दूरी पर बनी दुकानों को तो प्रशासन ने तोड़ दिया गया जो कि सरासर गलत है। बेहड़ ने कहा कि पहले को प्रशासन द्वारा व्यापारियों को उजाड़ा नहीं जाना था यदि



उन्हें हटाया जाना तो तो उनके बसाने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। बेहड़ का कहना था कि यदि सड़क चौड़ीकरण करना है तो दोनों तरफ से बराबर नपत कर चौड़ीकरण करना चाहिए था लेकिन प्रशासन ने एक तरफ से तोड़ा गया। गरीब व्यापारी जो फड़ लगाकर पांच से छह हजार लोग अपना रोजगार कर अपना परिवार चला रहे थे स इन दुकानदारों के साथ कई युवाओं को रोजगार मिला था जिससे करीब पांच छह हजार युवा भी बेरोजगार हो गये। बेहड़ ने सवाल करते हुए कहा कि प्रशासन ने एक तरफा कार्यवाही व्यापारियों के साथ क्यों ? बेहड़ ने कहा कि जब भी अतिक्रमण हटाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही के तहत पहले व्यापारियों को नोटिस आदि दिये जाते है लेकिन प्रशासन द्वारा चार-पांच दिन में ही खानापूर्ति कर अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा गया जो कि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जबकि व्यापारी सबसे अधिक टैक्स देता है और टैक्स की वजाह से सरकारें कार्य करती करती है तो व्यापारियों का उत्पीड़न क्यों वही व्यापार मंडल महामंत्री संदीप चावला ने कहा, अब उजड़ हुए व्यापारियों के पुनर्वास के लिए स्थान चिन्हित करके उन्हें रोजगार के लिए बसाया जाए व्यापार मंडल कार्यकारिणी पीड़ित व्यापारियों के साथ है और उनके साथ अन्याय नहीं होने देगी।

# 130 देशों में श्री माताजी निर्मला देवी का धूमधाम से मनाया जा रहा है जन्मोत्सव

काशीपुर(उद संवाददाता)। सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मोत्सव के मौके पर समूचे विश्व के 130 देशों में समारोह को भव्य तरीके से बनाए जाने को लेकर तैयारियां लगभग



अंतिम चरण में है। इसी क्रम में सहज योग केंद्र काशीपुर के तत्वावधान में मां के अनुयायियों ने जन जागरण हेतु चेतना यात्रा का आयोजन किया। परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी का जन्म 21 मार्च 1923 को छिंदवाडा मध्य-प्रदेश में हुआ। श्री माताजी के वंशज शालिवाहन वंशज से सम्बन्धित है। जन्म के समय श्रीमाताजी के निष्कलंक स्वरुप को देखकर उनको निर्मला नाम दिया । श्रीमाताजी के माता-पिता ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणि भूमिका निभाई । श्रीमाताजी का बाल्यकाल महाराष्ट्र के नागपुर में बीता । युवाकाल में श्रीमाताजी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया व गांधी आश्रम में भी रहे। महात्मा गांधी जी भी श्रीमाताजी से आध्यात्मिक सलाह लिया करते थें । श्रीमाताजी को जन्म से ही मनुष्य के सम्पूर्ण नाडी तंत्र का ज्ञान था और सभी उर्जा केन्द्रों (चक्रों) से भी परिचित थी परन्तु इस सम्पूर्ण ज्ञान को वैज्ञानिक आधार देने तथा वैज्ञानिक शब्दावली के अध्यन हेतु श्रीमाताजी ने आयुर्विज्ञान एवं मनोविज्ञान का अध्यन किया। भारत की स्वतंत्रता से कुछ पहले 1947 में श्रीमाताजी का विवाह श्री चन्द्रिका प्रसाद (आईएएस)के साथ हुआ जो बाद में भारत के प्रधानमंत्री लाल - बहादुर शास्त्री के संयुक्त सचिव रहे। चन्द्रिका प्रसाद को पद्मश्री व पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया। 5 मई 1970 को श्रीमाताजी सहस्गार खोलकर सहज-योग की शुरुआत की । सहजयोग द्वारा साधक अपने शरीर पर परमात्मा की प्रेम की शक्ति का अनुभव कर सकता है। अपने जीवन काल में श्रीमाताजी ने 80 से ज्यादा देशों में सत्य-साधकों को आत्म-साक्षात्कार प्रदान कर सहजयोग की स्थापना की तथा श्रीमाताजी ने पूरे विश्व में शान्ति व प्रेम स्थापित करने के लिए कार्य किया श्रीमाताजी को 2 बार विश्व शान्ति के लिए नोबल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया । सहज-योग कोई भी जाति, कोई भी धर्म के लोग बिना भेदभाव के कर सकते है । श्रीमाताजी ने पूरे विश्व में भारतीय आध्यात्य, संस्कार, संस्कृति को प्रसार किया। विश्व में लाखों लोग सहजयोग ध्यान पद्धति से लाभान्वित हो रहे है । सहज योग केंद्र काशीपुर के संयोजक चौधरी गंभीर सिंह ने इस बारे में और अधिक जानकारी देते हुए बताया कि परम पूज्य माता श्री निर्मला देवी के 100वें जन्म दिवस के मौके पर 22 मार्च को काशीपुर ध्यान केंद्र पर संगीतमय पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से अपील किया है कि कार्यक्रम में सहभागिता कर पुणे के भागी बने।






# जिला योजना में 95.44 प्रतिशत धनराशि खर्च

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी आहरण-वितरण अधिकारियों को 20 मार्च तक जिला योजना बिल कोषागार में लगाने के निर्देश दिए हैं, इसके उपरांत बिल कोषागार में नहीं लगाए जाएंगे। जिसका उत्तरदायी स्वंय आहरण-वितरण अधिकारी होगा। यह निर्देश उन्होंने जिला कार्यालय में जिला योजना, राज्य सैक्टर व केंद्र पोषित योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए दिए। जिला योजना में 95.44 प्रतिशत खर्च हो चुका है। डीएम ने कहा कि इन सभी योजनाओं के कार्यो में प्रगति लाकर धनराशि व्यय करना सुनिश्चित करें तथा जो धनराशि व्यय नहीं हो पा रही है उसे तुरंत तीन दिन में समर्पित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में लाभार्थियों के खाते में धनराशि जानी है, उसे तुरंत डीबीटी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निकाय, जिला पंचायत व दैवीय आपदा के कार्यो के साथ ही सांसद निधि, विधायक निधि व जल जीवन मिशन के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शहरीकरण के



वजह से सिंचित कृषि भूमि न होने के कारण लघुडाल द्वारा निर्मित पुराने बंद पडेघ सिंचाई नलकूपों के पंप हाउस व पंप सेटों का निरीक्षण कर पेयजल उपयोग हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश जल संस्थान को दिए, ताकि बागेश्वर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागों के 20 लाख से अधिक धनराशि की योजनाओं की समीक्षा भी की व कहा कि कार्यो का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि जिला योजना में 4375 लाख की धनराशि शासन से अवमुक्त के सापेक्ष विभागों द्वारा 4156.62 लाख आहरित की गई, जिसमें से 4088 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है। राज्य योजना में 16179.63 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 14510.93 लाख आहरित किया गया जिसमें 12597.84 लाख की धनराशि व्यय कर ली है। केंद्र पोषित योजना में 23255.70 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 21645.39 लाख आहरित किया गया, जिसमें 21103.26 लाख व्यय किया गया है, साथ ही वाह्य सहायतित योजना में 936.62 लाख के सापेक्ष 935.96 आहरित व 810.30 लाख की धनराशि खर्च की जा चुकी है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, वरष्ठि कोषाधिकारी जुनैद अनवर, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, खेल अधिकारी सीएल वर्मा, ईई लोनिवि राजकुमार, सिंचाई केके जोशी, पीएमजीएसवाई विजय कृष्ण, जल संस्थान सीएस देवड़ी, जल निगम वीके रवि, ग्रामीण निर्माण विभाग रमेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# आइएचएम के प्रधानाचार्य ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददात)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) से राजभवन में आइएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ0 जगदीप खन्ना ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान के क्रियाकलापों और गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने हाल में ही सम्पन्न हुए वसंतोत्सव में आइएचएम द्वारा लगाए गए मिलेट्स पर आधारित फूड कोर्ट की सराहना की। उन्होंने कहा की उत्तराखण्ड में उत्पादित होने वाले पारंपरिक मोटा अनाज ''मिलेट्स'' पौष्टिकता से भरपूर



होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद भी हैं। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना के बाद सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं और वे मिलेट्स को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मिलेट्स अनाज के उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं, इसे आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जी20 में मिलेट्स को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर भी हमारे पास होगा।

# महिलाओं को पिरूल से कोयला बनाने के लिये दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पिरुल उत्तराखंड के जंगलों में बहुतायत में मिलता है। प्राय: पिरूल से जंगलों में आग का भय बना रहता है। परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए जिला मिशन प्रबन्धक इकाई, एनआरएलएम अल्मोड़ा द्वारा विकासखण्ड हवालबाग के ग्राम सैनार



एवं तलाड़ की एनआरएलएम समूह की महिलाओं को पिरूल से कोयला बनाने का कार्य शुरू करने हेतु 3 दिवसीय प्रशिक्षण 17 मार्च से 19 मार्च, 2023 तक ग्राम सैनार में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में 31 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण उपरान्त महिलाएं कोयला बनाने का कार्य प्रारम्भ करेंगी। इससे एक ओर जहॉ महिलाओं की आय बढ़ेगी वहीं दूसरी ओर वनाग्नि पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# टैक्सी यूनियन चालक के परिवार की मदद को बढ़े हाथ

गरुड़(उद संवाददाता)। चालक मेहनत कर अपने परिवार का गुजर बसर करते है,ऐसे में टैक्सी चालकों के लिए अल्पवस्था में मृत्यु होने पर सरकार द्वारा उनके परिवारजनों के लिए कोई आर्थिक सहायता नही की जाती है, जिस कारण कभी भी विमारी से किसी चालक कीमौत हो जाने पर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। पर टैक्सी यनियन की दरियादिली से एक चालक के परिवार को आर्थिक सहयोग



मिला है, गरुड़ टैक्सी यूनियन ने एक चालक के मौत के बाद परिवार के लोगों की मदद के लिए आगे आया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने चालक रणजीत सिंह बिष्ट की पत्नी गीता बिष्ट को 20 हजार रुपये की नकद धनराशि दी है। यह राशि उन्होंने आपसी सहयोग से जुटाई है। भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिया। चालक की लंबी बीमारी के चलते गत दिनों निधन हो गया था। तब से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। इस मौके पर संरक्षक महेश बोरा,अध्यक्ष कुंदन भंडारी, कमल, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# शक्ति केंद्र सिमगढ़ी में बूथ सशक्तिकरण अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

बागेश्वर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी बागेश्वर के बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत दुग नाकुरी मंडल के शक्ति केंद्र सिमगढ़ी में बूथ सशक्तिकरण अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यशाला की अध्यक्षता शक्ति केंद्र संयोजक शेर सिंह महर ने की, कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला प्रभारी भाजपा वीरेंद्र सिंह बल्दिया व जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्श्वाण,बूथसशक्तिकरण अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री संजय परिहार व घनश्याम जोशी मुख्यअतिथि थे, मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह खाती, जिलामंत्री राजेंद्र सिंह महरआदि ने अतिथियो का



स्वागत किया, मुख्य वक्ता जिला प्रभारी बल्दिया ने शक्ति केंद्र में प्रत्येक बूथ, ग्रामीण इकाई के पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की अपील की, वही जिलाध्यक्ष इंद्र फर्स्वाण ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने, सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने की अपील की, इस दौरान राजेंद्र राठौर,विधायक प्रतिनिधि योगेश हरड़िया, प्रशान्त तिवाड़ी, कुंदन रैखोला समेत सिमगड़ी शक्तिकेंद्र के वरिष्ठ र्यकर्त्ता उपस्थित थे।




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खुदकुशी की प्रवृत्ति

पिछले दिनों देश के पचपन विश्वविद्यालयों के छात्रों में बढ़ते अवसाद और खुदकुशी की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई थी। कुछ तो युवाओं में यह समस्या इसलिए भी तेजी से घर कर रही है कि पढ़ाई–लिखाई कर चुकने के बाद भी उन्हें जीवन जीने का कोई बेहतर जरिया नजर नहीं आता। युवाओं में तनाव, अवसाद और फिर आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए अनेक उपाय सुझाए गए हैं। तनाव दूर करने के लिए लगातार जागरूकता पैदा करने की कोशिश की जाती है। जगह–जगह सहायता और सलाह केंद्र खोले गए हैं। इसके बावजूद इस समस्या पर काबू पाना चुनौती है। सबसे चिंताजनक स्थिति तो यह है कि जिन चिकित्सकों के माध्यम से अवसाद जैसी स्थितियों से पार पाने की उम्मीद की जाती है, वे खुद इस समस्या से ग्रस्त होकर खुदकुशी करते देखे जाते हैं। ताजा आंकड़े के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच साढ़े तीन सौ मेडिकल छात्रों, रेजिडेंट डाक्टरों और चिकित्सकों ने खुदकुशी कर ली। इसे लेकर इंडियन मेडिकल कांग्रेस ने चिंता जताई और चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से इस मामले में सकारात्मक वातावरण बनाने की सलाह दी है। चिकित्सकों में बढ़ते अवसाद के पीछे बड़ा कारण उन पर कामकाज का बढ़ता दबाव और तनाव है। आत्महत्या करने वालों चिकित्सकों का विश्लेषण करने से पता चला है कि वे अत्यंत मेधावी थे, सबसे तेज दिमाग थे, मगर उनका मानसिक स्वास्थ्य कमजोर था। वे अपने पेशेवर जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते थे। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार अवसाद अक्सर ऐसे लोगों को जल्दी अपनी गिरफ्त में ले लेता है, जो अतिरिक्त रूप से संवेदनशील, प्राय: मेधावी और कमजोर मानसिक स्वास्थ्य वाले होते हैं। ऐसे लोगों को सामाजिक संबल की बहुत जरूरत होती है। मगर हैरानी की बात है कि चिकित्सा के पेशे में रहते हुए भी लोगों को इस समस्या की पहचान नहीं हो पाती। ऐसा नहीं माना जा सकता कि अवसाद के लक्षण उनके आसपास रहने वाले लोगों को नजर न आए होंगे। अब तो यह भी छिपा तथ्य नहीं है कि अक्सर पढ़ाई–लिखाई, परीक्षा और काम के दबाव में युवाओं का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इसीलिए परीक्षा आदि के समय माता–पिता और अध्यापकों को विद्यार्थियों के प्रति विशेष रूप से ध्यान देने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्नेह और प्रोत्साहन पूर्ण वातावरण देने का प्रयास किया जाता है। हैरानी की बात है कि चिकित्सा विज्ञान से जुड़े लोग भी इस मामले में अपने किसी पीड़ित सहकर्मी या सहपाठी के प्रति वैसे ही उदासीन नजर आ रहे हैं, जैसे समाज के सामान्य लोग देखे जाते हैं। अच्छी बात है कि इसे लेकर इंडियन मेडिकल कांग्रेस ने व्यापक रूप से सतर्कता अभियान चलाने की पहल की है। अवसाद हमारे देश में एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। खासकर युवा इसकी गिरफ्त में जल्दी आ जाते हैं, इसलिए कि उन पर पढ़ाई–लिखाई और पेशे आदि में अव्वल रहने का दबाव अधिक बढ़ा है। उनकी महत्त्वाकांक्षाएं भी बड़ी हैं। माता–पिता और समाज उन्हें अव्वल देख कर प्रसन्न तो होते हैं, उनकी नजीर भी देते हैं, पर उनके मानसिक स्वास्थ्य का अंदाजा लगाने में प्राय: विफल साबित होते हैं। इसी का नतीजा है कि मामूली विफलता पर भी कई युवा गहरे अवसाद में चले जाते हैं और धीरे–धीरे आत्महंता हो जाते हैं। पिछले दिनों देश के पचपन विश्वविद्यालयों के छात्रों में बढ़ते अवसाद और खुदकुशी की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई थी। कुछ तो युवाओं में यह समस्या इसलिए भी तेजी से घर कर रही है कि पढ़ाई–लिखाई कर चुकने के बाद भी उन्हें जीवन जीने का कोई बेहतर जरिया नजर नहीं आता। ऐसे में युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेती इस समस्या के विभिन्न पहलुओं का बारीक अध्ययन और व्यावहारिक उपायों पर विचार की जरूरत है।

# देश में फैली प्रदूषित हवा

भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छता वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की रिपोर्ट में दावा किया है कि देश के शहरों की वायु साफ हुई। परंतु यह सुधार बहुत कम है, जबकि इसके विपरीत दुनिया के सर्वेक्षणों में भारत के प्रदूषित शहर बड़ी संख्या में हैं। इसी समय स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यू एयर की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत का स्थान आठवां है। विश्व वायु गुणवत्ता नाम से जारी इस रिपोर्ट में दावा किया है कि दुनिया के सौ प्रदूषित शहरों में 65 भारत के हैं। इनमें देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है। जबकि यहां सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रदूषण को नियंत्रित करने के अनेक उपाय किए जा रहे हैं। वाबजूद दिल्ली का प्रदूषण है कि दूर नहीं होता ? ऐसे में एनसीएपी की रिपोर्ट को विश्वसनीय नहीं कहा जा सकता ? अतएव प्रदूषित नगरों में भारतीय शहरों की भरमार यह इशारा करती है कि अभी देशव्यापी असरकारी प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे भारत के नगरों में इंदौर जैसी स्वच्छता दिखाई दें। औद्योगिक विकास, बढ़ता शहरीकरण और उपभोगत्तावादी संस्कृति आधुनिक विकास के ऐसे नमूने हैं, जो हवा, पानी और मिट्टी को एक साथ प्रदूषित करते हुए समूचे जीव–जगत को संकटग्रस्त बना रहे हैं। दिल्ली तो प्रदूषण की गिरफ्त में है ही, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के लगभग सभी छोटे शहर प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। डीजल व घासलेट से चलने वाले वाहनों व सिंचाई पंपों ने इस समस्या को और विकराल रूप दे दिया है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड देश के 121 शहरों में वायु प्रदूषण का आकलन करता है। इसकी एक रिपोर्ट के मुताबिक देवास, कोझिकोड व तिरुपति को अपवाद स्वरूप छोड़कर बांकी सभी शहरों में प्रदूषण एक बड़ी समस्या के रूप में अवतरित हो रहा है। जबकि अच्छे मानवीय जीवन के लिए नगरों की आबोहवा बेहतर होनी चाहिए। अन्यथा जिन नगरों में प्रदूषण की अधिकता है, वहां बीमारियां भी अधिक होंगी। भारत में विरोधाभास है कि वायु को शुद्ध बनाने के जितने प्रयास किए जाते हैं, उससे कहीं ज्यादा प्रदूषण फैलाने के रास्ते खोल दिए जाते हैं। ऐसे में रोकथाम के प्रयास बेअसर हो जाते हैं। इस प्रदूषण की मुख्य वजह तथाकथित वाहन क्रांति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि डीजल और कैरोसिन से पैदा होने वाले प्रदूषण से अकेली दिल्ली में एक तिहाई बच्चे सांस की बीमारी की जकड़ में हैं। 20 फीसदी बच्चे मधुमेह जैसी लाइलाज बीमारी की चपेट में हैं। इस खतरनाक हालात से रुबरू होने के बावजूद दिल्ली व अन्य राज्य सरकारें ऐसी नीतियां अपना रही हैं, जिससे प्रदूषण को नियंत्रित किए बिना औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन मिलता रहे। यही कारण है कि डीजल वाहनों का चलन लगातार बढ़ रहा है। प्रदूषण को रोकने के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन अभी ये वाहन लंबी दूरी तय करने में संतोषजनक स्थिति में नहीं है। यदि इनकी संख्या सरकारी प्रोत्साहन के चलते बढ़ती भी है तो यह दावा नहीं किया जा सकता कि ये वाहन महानगरों का प्रदूषण समाप्त करने में सौ फीसदी खड़े उतरेंगे। हां, कुछ राहत की तात्कालिक उम्मीद की जा सकती है। हालांकि वैज्ञानिक व पर्यावरणविद् कह रहे हैं कि इनकी बैटरियां खराब होने पर ठिकाने लगाना मुश्किल होगा ? तब ये वे जल और मिट्टी को एक साथ प्रदूषित करेंगी। वैसे भी बैटरी समेत अन्य कंप्युटर संबंधी इलैक्ट्रोनिक कवरा लैंडफिल गैसों के उत्सर्जन का बड़ा कारण बन रहा है। वायु प्रदूषण के और भी कारण हैं। जिनका निवारण मुश्किल हो रहा है। वाहनों का धुंआ और सड़कों व पुलों के निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल भी वायु को दूषित कर रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद कोयले से चलने वाले विद्युत उत्पादक संयंत्रों की उत्पदकता फिर से बढ़ा दी गई है। जेनरेटर भी बिजली के उत्पादन में लगे हैं। बैंक, बीमा कंपनियों और शादी घरों में जेनरेटर की आवश्यकता बिजली की कमी के चलते लगातार बढ़ती जा रही है। वाबजूद इंदौर की तरह शहरी कचरे से बिजली उत्पादन के उपाय अन्य शहरों में सामने नहीं आए है। इंदौर में तो कचरे से सीएनजी गैस का उत्पादन और वाहनों में उसका प्रयोग भी शुरू हो गया है। अतएव यदि वाकई राज्य सरकारों और नगरीय निकायों को अपने नगरों को प्रदूषण मुक्त बनाना है तो उन्हें इंदौर का मॉर्डन अपनाना होगा। जिस गुजरात को हम आधुनिक विकास का मॉडल मानकर चल रहे हैं, वहां भी प्रदूषण के हालात भयावह हैं। कुछ समय पहले टाइम पत्रिका में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के चार प्रमुख प्रदूषित शहरों में गुजरात का वापी शहर शामिल है। इस नगर में 400 किलोमीटर लंबी औद्योगिक पट्टी है। इन उद्योगों में कामगर और वापी के रहवासी कथित औद्योगिक विकास की बड़ी कीमत चुका रहे हैं। वापी के भूगर्भीय जल में पारे की मात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन के तय मानकों से 96 प्रतिशत ज्यादा है। यहां की वायु में धातुओं का संक्रमण जारी है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। कमोबेश ऐसे ही हालात अंकलेश्वर बंदरगाह के हैं। यहां दुनिया के अनुपयोगी जहाजों को तोड़कर नष्ट किया जाता है। इन जहाजों में विषाक्त कचरा भी भरा होता हैं, जो मुफ्त में भारत को निर्यात किया जाता है। इनमें ज्यादातर सोडा की राख, एसिडयुक्त बैटरियां और तमाम किस्म के घातक रसायन होते हैं। इन घातक तत्वों ने गुजरात के बंदरगाहों को बाजार में तब्दील कर दिया है। लिहाजा प्रदूषित कारोबार पर शीर्ष न्यायालय के निर्देश भी अंकुश नहीं लगा पाए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में विश्व व्यापार संगठन के दबाव में प्रदूषित कचरा भी आयात हो रहा है। इसके लिए बाकायदा विश्व व्यापार संगठन के मंत्रियों की बैठक में भारत पर दबाव बनाने के लिए एक परिपत्र जारी किया था कि भारत विकसित देशों द्वारा पुनर्निर्मित वस्तुओं और उनके अपशिष्टों के निर्यात की कानूनी सुविधा दे। पूंजीवादी अवधारणा का जहरीले कचरे को भारत में प्रवेश की छूट देने का यह कौन–सा मानवतावादी तर्क है ? अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी इस प्रदूषण को निर्यात करते रहने का बेजा दबाव बनाए हुए हैं। यह विचित्र विडंबना है कि जो देश भोपाल में हुई यूनियन कार्बाइड दुर्घटना के औद्योगिक कचरे को 38 साल बाद भी ठिकाने नहीं लगा पाया वह दुनिया के औद्योगिक कचरे को आयात करने की छूट दे रहा है। यूनियन कार्बाइड परिसर में आज भी 346 टन कचरा पड़ा है, जो हवा में जहर घोलने का काम कर रहा है। इस कचरे को नष्ट करने का ठिकाना मध्यप्रदेश सरकार को नहीं मिल रहा है। दुनिया की यह सबसे बड़ी औद्योगिक घ्त्रासदी थी। इस हादसे में 5295 लोगों की मौतें हुई थीं और 5902 लोग स्थायी रुप से लाइलाज बीमारियों के शिकार हो गए थे, जो आज भी इस त्रासदी का दंश झेल रहे हैं। भोपाल में ही स्थित भानपुर खंती है, जिसे यूनियन कार्बाइड के कचरे को नष्ट करने के लिए 1970 में वजूद में लाया गया था। अब पूरे भोपाल के औद्योगिक व इलेक्ट्रोनिक कचरे को इसी खंती में डाल दिया जाता है। फिलहाल इसमें एक लाख 50 हजार घनमीटर अनुपयोगी कचरा पड़ा हुआ है। कचरे की 15 मीटर उंची परत जिठी है, जो रासायनिक प्रदूषण का कारक बन रही है। जिससे हवा और भूजल एक साथ दूषित हो रहे हैं। कचरे को नष्ट करने के लिए खेती में आग भी लगाई जाती है। यह आग जो जहरीला धुंआ उगल रही है, उससे दो लाख लोग प्रभावित हैं। उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देश के बावजूद प्रशासन इस खेती को प्रदूषण मुक्त करने के कोई कारगर उपाय नहीं कर पाया है। इन चंद उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि हमें अपनी ही आबादी के प्राणों का कोई मोल नहीं है। यदि होता तो सरकार और समाज इस प्रदूषण के प्रति चिंतित दिखाई नहीं दिया।

**–प्रमोद भार्गव लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# सातों भाइयों के साथ महासू देवता मंदिर पहुंचे द ग्रेट खली

देहरादून। डब्लूडब्लूई वर्ल्ड रेसलिंग इंटरटेनमेंट की दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले विश्व विख्यात चैंपियन दलीप सिंह राणा ग्रेट खली पहली बार पूरे परिवार के साथ जौनसार–बावर के हनोल स्थित सिद्धपीठ श्री महासू देवता मंदिर पहुंचे। महासू देवता उनके कुल आराधय भी हैं। वह अपने सात सगे भाइयों, पिता और पुत्री के साथ देवता के दरबार में पहुंचे। ग्रेट खली को देखने के लिए हनोल में प्रशंसकों की भीड़ जुटी रही। हिमाचल के सिरमौर जिले की शिलाई तहसील के धिारायना–नैनीधार निवासी ग्रेट खली शुक्रवार शाम परिवार के साथ महासू देवता मंदिर हनोल पहुंचे। उनका ग्रामीणों और मंदिर प्रबंधान समिति ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया। खली के साथ उनके पिता ज्वाला राम राणा, बड़े भाई मंगल सिंह राणा, छोटे भाई भगत राम राणा, इंदर सिंह राणा, अतर सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह राणा, यशपाल राणा और पुत्री अवलीन राणा ने मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की। यह पहला मौका है जब ग्रेट खली अपने सातों भाइयों के साथ महासू मंदिर में रात्रि जागरण के लिए पहुंचे। ग्रेट खली पंजाब के जालंधार और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रेसलिंग एकेडमी का संचालन कर युवाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। पैर में चोट की वजह से वह रिंग में नहीं उतर पा रहे हैं, जबकि रेसलिंग से उनका जुड़ाव बरकरार है। ग्रेट खली को हनोल–चातरा के प्रधान एवं चकराता ब्लाक प्रधान संगठन के महासचिव हरीश राजगुरु, मंदिर के पुजारी शोभाराम नौटियाल, प्रधाान संगठन के उपाधयक्ष तेजपाल सिंह राणा और मंदिर प्रबंधान समिति ने स्मृति चिह्न के रूप में महासू देवता की फोटो भेंट की। इस दौरान खली ने कहा कि महासू देवता के दरबार में उनके परिवार के लोग कई बार आए हैं। डब्लूडब्लूई रेसलिंग में जाने के बाद उन्हें पहली बार महासू मंदिर में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान ग्रेट खली की बड़ी भाभी जगो देवी राणा, ग्राम प्रधान हरीश राजगुरु, मंदिर समिति के सचिव मोहनलाल सेमवाल, वरिष्ठ सदस्य राजाराम शर्मा, कांडा के प्रधान तेजपाल सिंह, देवमाली मुकेश रावत, नरेंद्र नौटियाल, विक्रम सिंह राजगुरु, जयकिशन, चंद्रमोहन नौटियाल, रोशन लाल, रमेश सिंह, मोहनलाल, नत्थी प्रसाद आदि मौजूद रहे।



# रामकृष्ण परमहंस : ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं

स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु, मानवता के पुजारी और विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं अत: ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। अभिभूत, मानवीय मूल्यों के पोषक संत रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत स्थित कामारपुकुर ग्राम में हुआ था। इनके बचपन का नाम गदाधर था। पिताजी के नाम खुदीराम और माताजी के नाम चन्द्रा देवी था। उनके भक्तों के अनुसार रामकृष्ण के माता पिता को उनके जन्म से पहले ही अलौकिक घटनाओं और दृश्यों का अनुभव हुआ था। गया में उनके पिता खुदीराम ने एक स्वप्न देखा था जिसमें उन्होंने देखा की भगवान गदाधर विष्णु के अवतार ने उन्हें कहा की वे उनके पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। उनकी माता चंद्रमणि देवी को भी ऐसा एक अनुभव हुआ था। उन्होंने शिव मंदिर में अपने गर्भ में रोशनी प्रवेश करते हुए देखा। इनकी बालसुलभ सरलता और मंत्रमुग्ध मुस्कान से हर कोई सम्मोहित हो जाता था। यथेष्ठ उनकी गुरु दीक्षा ने हर जिज्ञासा का समाधान कर नरेंद्र की बुद्धि को भक्ति में बदल दिया था। तब से विवेकानंद ने उन्हें अपना गुरु मान लिया था। अभीष्ट–सिद्धि स्वामी विवेकानंद बनकर जंग आलोकित हो गए। शाश्वत 50 वर्ष की उम्र में 16 अगस्त सन् 1886 को श्रावणी पूर्णिमा के अगले दिन प्रतिपदा को प्रात:काल में उन्होंने महाप्रस्थान किया। ऐसे महान संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अपना संपूर्ण जीवन धर्म के प्रचार–प्रसार में समर्पित किया। अलौकिक, स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जन प्रसंग दिग्दर्शी है। स्तुत्य, माता काली के मंदिर में रामकृष्ण परमहंस बैठे हुए थे। उस समय एक साधु मंदिर में आया, उस साधु ने रामकृष्ण परमहंस को नहीं देखा, लेकिन परमहंस जी की नजरें साधु पर ही थी। वह साधु भूखा था, उसने इधर–उधर देखा लेकिन उसे कहीं भी अन्न दिखाई नहीं दिया। उसी समय मंदिर के बाहर एक कुत्ता रोटी खा रहा था। वह साधु उस कुत्ते के पास पहुंचा और कुत्ते को सीने से लगाकर कहा, अरे भैया अकेले–अकेले रोटी खा रहे हो, हमें नहीं दोगे। यह दृश्य वहां कई लोगों के साथ ही परमहंस जी भी देख रहे थे कि कैसे वह साधु उस कुत्ते से मनुष्य की तरह बात कर रहा है। उसे सीने से लगा रहा है। वह साधु कुत्ते की रोटी में से थोड़ा सा हिस्सा लेकर खाने लगा। उसके बाद मंदिर में दर्शन की विधि–विधान से देवी की स्तुति की और वहां से चल दिया। बाद, रामकृष्ण परमहंस ने अपने भतीजे को बुलाया। जिसका नाम हदय मुखर्जी था। उन्होंने भतीजे से का हदय तू हमेशा पूछता है ना कि साधु कैसे होते हैं तो जा उस साधु के पीछे पीछे–पीछे और यह तुझसे कुछ कहे तो मुझे आकर वह बात बताना। भतीजा उस साधु के पीछे चलने लगा तो साधु ने हदय मुखर्जी से कहा, क्या बात है, तुम मेरे पीछे क्यों आ रहे हो? हदय ने कहा, मुझे आपसे कोई शिक्षा चाहिए। साधु ने कहा, जिस दिन मंदिर में जो गंदा घड़ा रखा है। उसमें पानी और गंगाजल को एक मानने लगोगें तो तुम साधु बन जाओगे। बहुत सारा शोर और किसी की बंशी की मधुर आवाज को एक समान मानने लगोगें और दोनों की मधुर लगने लगे तो समझ लेना तुम अच्छे ज्ञानी बन रहे हो। यह बात हदय ने पवन जी से कहीं तो परमहंस जी ने कहा, यही साधु का लक्षण है। उन्हें भूख लगी तो वे कुत्ते के पास जाकर बैठ गए उसकी रोटी में से हिस्सा खाने लगे। उन्होंने तुमसे भी कहा है कि भेद मिटा दो। एक साधु में सबसे बड़ी पूंजी होती है सहजता और समानता। यह भाव सभी मानव में मानवता जागृत करता है। जीवन में बहुत अधिक भेदभाव करने से मन अशांत हो जाता है और हम भटक जाते हैं।

**–हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**





## पेज एक का शेष...

**दुकाने तोड़ने के बाद....**से समोसा मार्केट के दुकानदार सकते में आ गये उन्होंने आनन फानन में दुकानों में रखा सारा सामान खाली किया। जिन लोगों की दुकानें तोड़ी गई उनमें राधेश्याम गुप्ता, बृजेश गुप्ता, महेन्द्र सिंह, विजय गुप्ता, जसवीर सिंह, सुभाष मालाकार, चिरोंजी लाल गंगवार, महेन्द्र गंगवार, देवेन्द्र सिंह बोरा, श्याम सुंदर लाल, कलीम, मोनी जल्होत्रा, भगवानदास, नरेश पाल, जुल्फिकार, सोनू मदान, केदार नाथ, नीलू, गणपति सहित अन्य कई दुकानदारों की दुकानें शामिल हैं। कुछ समोसा मार्केट के कुछ दुकानदारों ने बताया कि उनके दादाजी ने इस दुकान में दशकों पूर्व समोसे का कारोबार शुरू किया था। जो उनकी पीढ़ी आगे बढ़ा रही थी लेकिन कल अधिकारियों ने उनका दशकों पुराना रोजगार पूरी तरह से समाप्त कर दिया। जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी कमाने का संकट आ खड़ा हुआ है। वहीं नेहरू मार्केट में समोसे के कारोबार के अतिरिक्त चाय, पेंटिग, टॉयर, मोबाईल, जूस, बाईक रिपेयरिंग, वेल्डिंग के भी कई कारोबारी काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। ऐसे दुकानदारों व उनके परिजनों के आंसू रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। हांलाकि व्यापारी व राजनैतिक नेता उजाड़े गये दुकानदारों के पुर्नस्थापन को लेकर संघर्ष करने की बात तो कह रहे हैं परंतु उन्हें इसमें कब सफलता मिलेगी यह कहना संभव नहीं है। इसलिए उजाड़े गये दुकानदारों को स्वयं ही स्थाई अथवा वैकल्पिक व्यवस्था करने को मजबूर होना पड़ेगा। दुकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी होने के बाद आज मलवा हटाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया। प्रशासन ने मलवा हटाने के लिए करीब एक दर्जन ट्रक्टर ट्रालियां व भारी संख्या में मजदूर लगाये हैं। इसके साथ ही बाउंड्रीवाल बनाने का काम भी शुरू हो गया है। वहीं पीड़ित दुकानदार भी अपने काम का सामान मलवे के बीच से समेटने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि जी–20 की तैयारियां प्रशासन को 25 मार्च तक हर हाल में पूरी कर लेनी है। जिसके लिए प्रशासन ने काम तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि जहां से दुकानें हटायी गयी हैं वहां पर एक सप्ताह के भीतर अस्थाई सड़क बनकर तैयार हो जायेगी बाद में इसे स्थाई रूप से बनाया जायेगा। इसके अलावा सड़क के किनारे पेंटिंग युक्त चाहरदिवारी के साथ ही हरियाली भी नजर आयेगी। नगर निगम की ओर से चाहरदिवारी बनाने का काम भी शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाद में सड़क का एक बार फिर चौड़ीकरण होगा जिसमें गांधी पार्क कुछ हिस्सा भी लिया जायेगा। जबकि दूसरी तरफ भी चौड़ीकरण के लिए जी–20 सम्मेलन के बाद दुबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

**व्यापारियों ने घेरा विधायक...** ने कहा कि वह प्रशासन के समक्ष नहीं झुकेंगे और व्यापारियों के हित में अपना संघर्ष जारी रखेंगे। व्यापारी नेता राजेश बंसल ने विधायक शिव अरोरा से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि विधायक शिव अरोरा ने उन्हें व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है। वहीं विधायक शिव अरोरा द्वारा जिलाधिकारी एवं मेयर रामपाल सिंह को पत्र प्रेषित कर उनसे एनएच द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत राम मनोहर लोहिया मार्केट व समोसा माकेट के हटाये गये व्यापारियों का शीघ्र पुनर्वास करने की मांग की है। इस दौरान राजेश बंसल, हरीश अरोरा, आशू ग्रोवर, हर्ष रावल, शैलेंद्र ग्रोवर, श्याम धींगरा, राजा मदान, अनिल कक्कड़, नरेंद्र चावला, विनोद ठुकराल, आशीष मुंजाल, सननी कालड़ा, मनीष कालड़ा, दीपक मुंजाल, राम सिंह, सुभाष मुंजाल आदि मौजूद थे।

**अंकिता हत्याकांड के आरोपियों...**विभिन्न संगठनों के लोग पहले ही कोर्ट परिसर के बाहर जमा हो गये। उन्होंने तीनों आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल थे। जब आरोपियों को कोर्ट में लेकर पहुंची तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के बाहर नारेबाजी शुरू कर दी। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वहां से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनता रहा। बता दें कि 18 सितंबर की रात को वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस चौकी में अपनी कर्मचारी अंकिता भंडारी के गुमशुदा होने की शिकायत दी थी। करीब तीन दिनों तक इस मामले की ढिलाई से जांच की गई। इसके बाद शासन के निर्देश पर मामले को रेगुलर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने सारी बात उगल दी। पता चला कि पुलकित और अंकिता के बीच झगड़ा हुआ था। ऋषिकेश से लौटते वक्त अंकिता और पुलकित के बीच नहर किनारे फिर से विवाद हुआ और इस बीच पुलकित ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था। पुलिस ने इस मामले में 22 सितंबर को पुलकित, अंकित और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था। वनंत्रा रिसोर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट जॉब करने वाली पौड़ी निवासी अंकिता भंडारी से अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस बीच किसी वीआईपी के भी रिसोर्ट में आने की बात सामने आई थीं। आरोप है कि अंकिता के मना करने पर आरोपियों ने उसे नहर में धक्का देकर मार दिया।

**तांत्रिक ने लूट ली...**अंधेरे कमरे में बंद कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे हल्का होश था। इस दौरान तांत्रिक ने उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि तांत्रिक उसके साथ उपचार के नाम पर काफी समय तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस बीच पीड़िता ने यह बात ससुराल वालों को बताइए लेकिन किसी ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया। इसी बीच जेठ इंतजार भी उस पर गंदी निगाह रखने लगा। मौका पाकर जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वह उसके गुप्तांगों से अक्सर छेड़छाड़ किया करता था। पीड़िता के मुताबिक उसका पति नशे का आदी था और दिल्ली में रहा करता था। क्योंकि पीड़िता ने अपने मर्जी के मुताबिक विवाह किया था इसलिए इसी का फायदा उठाकर जेठ उसके साथ मौका पाकर लगातार दुष्कर्म करने लगा। एक दिन पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और वह मायके पहुंच गई। उसने मायके वालों को हकीकत बताई। वह मायके में रहने लगी। इस बीच 2022 की 5 दिसंबर को जेठ इंतजार मायके जा धमका। उसने कहा कि पीड़िता उससे शादी करें इसके लिए वह अपनी पत्नी को भी तलाक दे देगा। पीड़िता जब इसके लिए तैयार नहीं हुई तो उसने एक बार फिर से पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू किया। इस बीच पीड़िता की मां और बहन ने आकर किसी तरह इंतजार के चुंगल से उसे छुड़ाया। आरोपी जेठ जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि उसने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। फिलहाल कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत चारों आरोपियों को नामजद करते हुए तांत्रिक को भी कानून के दायरे में लेकर मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**हादसों को दावत दे रही..**नहीं है। जिससे शाम ढलते ही यहां पर अंधकार छा जाता है। आवागमन को दुरूस्त करने के लिए कहने को यहां पर सर्विस लेन भी बनायी गयी है लेकिन लाईट की व्यवस्था न होने के कारण यह सर्विस लेन और भी जानलेवा साबित हो रही है। हाईवे पर शुक्ला फार्म के पास से बाईपास रोड रूद्रपुर की ओर निकलती है दूसरी तरफ मेडिसिटी के बगल से एक मार्ग यूपी की ओर करतारपुर के लिए जाता है। इस जगह पर दो सड़कों से वाहनों की हाईवे पर एंट्री होती है। इतने व्यस्त स्थान पर लाईट की कोई व्यवस्था नहीं होना एनएचएआई की घोर लापरवाही का नमूना है। जिसका खामियाजा लोगों को आये दिन हादसों के रूप में चुकाना पड़ रहा है। इस स्थान पर कई बार दुर्घटनायें हो चुकी है लेकिन समस्या पर एनएच का अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। शायद एनएचएआई के अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

**लाखों की स्मैक...**उन्होंने बताया पुलिस टीम उनि फिरोज आलम प्रभारी चौकी मल्ला काठगोदाम, एसओजी के कॉन्स्टेबल कुन्दन कठैत, दिनेश नगर कोटी, अनिल गिरी, लोकेश उपाध्याय, उमेश प्रसाद द्वारा गौला बाईपास रोड पर गोलापार खेड़ा के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 ए एच 1295 पर सवार बिना हेलमेट लगाये आ रहे व्यक्ति को रुकने को कहा तो वह मुङकर वापस घुमाने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस टीम द्वारा दौड़कर उक्त व्यक्ति को पकड़कर हिरासत में लिया गया। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर डिग्गी से प्लास्टिक बैग के अन्दर 102 ग्राम अवैध स्मैक व एक बैट्रीयुक्त ईलैक्टानिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ कर पर उसने अपना नाम पता मो. आरिफ पुत्र मुंशी अन्सारी निवासी छिनकी पोस्ट दरऊ थाना किच्छा बताया। उसका कहना था यह स्मैक वह सितारगंज बीथा निवासी एक व्यक्ति से सस्ते दामो में खरीद कर हल्द्वानी क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचनेआया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

**अब विश्वकर्मा...**अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर सकता है। क्योंकि निर्माणधीन रोडवेज भवन का कार्य काफी तेजी से हो रहा है। कार्यदाई संस्था द्वारा भी प्रशासन से रोड़वेज के आगे अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार आग्रह किया जा चुका है। साथ ही ऐसे सभी दुकानदारों को पूर्व में स्वयं अतिक्रमण हटाने के नोटिस भी दिये जा चुके हैं। अब देखना है प्रशासन यहां कब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाता है। इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

**अग्निकांडमें लाखों...**आग लगने के दौरान वहां पास में बनी ग्राम अजरा नगर बिलासपुर निवासी रामवती पत्नी रोहिताश व भदईपुरा निवासी भूरा पुत्र टुन्नू खान की दो झोपड़ियों में बनी दुकानें भी जल गईं। साथ ही वहां पर खड़ी एक बाइक, एक मैजिक लोडर और करीब तीन ई–रिक्शे भी आग की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही रूद्रपुर व किच्छा से पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि घटना स्थल पर किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंकी होगी। जिससे आग लगी। अग्निकांड की इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# एन एस एस छात्राओं ने सर्वोदय नगर में चलाया सफाई अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में रा. से. यो. के शिविर में षटम दिवस का शुभारंभ डा. सुगंधा भारद्वाज एवं डा. रेखा पनेरू द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद डा. रेखा पानेरू ने पर्यावरण बचाव पर अपने विचार प्रस्तुत करे। साफ सफाई के महत्व को भी बताते



हुए उन्होंने बताया पर्यावरण संतुलन कैसे किया जाता है, जितना साफ वातावरण उतना संतुलित पर्यावरण होगा। उसके उपरांत स्वयंसेवी छात्राओं ने सर्वोदय नगर जाकर साफ सफाई अभियान चलाया। वहां जाकर उन्होंने झाड़ू लगाई, कूड़ा उठाया और लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही साथ पर्यावरण पर भी रैली निकाली गई जिसमे लोगों को बताया कि अपने आस पास साफ सफाई करके पर्यावरण को संतुलित कर सकते है। रैली का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने किया। रैली में काजल, रश्मि, सोनिया, निकिता, आरती, प्रगति आदि छात्राएं उपस्थित थी।

# नवरात्रि पर मांस मछली की दुकानें बंद कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एस डी एम व एस एस पी को ज्ञापन सौंप कर उनसे हिंदुओं के पावन पर्व नवरात्रि एवं रामनवमी पर हिंदुओं की आस्था एवं पवित्रता को ध्यान में रखते हुए 22 मार्च से 30 मार्च तक नगर में अंडा, मीट, मांस, मछली की दुकानों को पूर्णतया बंद रखे जाने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालों में सुल्तान सिंह



धर्म प्रसार प्रमुख (विहिप), जोगेन्द्र सिंह चौहान नगर मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, हैप्पी चौहान, नगर संयोजक बजरंग दल, बीरेन्द्र यादव जिला उपाध्यक्ष,बिट्टू शर्मा,सुधीर देवल, मुकेश चौहान,शुभम पाल, मनीष कश्यप, सचिन बाल्मीकि, संदीप बाल्मीकि, मनीष रघुवंशी, अनमोल गंगवार, हरीश यादव,अजय पाल, सुधाकर द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, सुदेव दास गुप्ता,अंकुर सिंह व रमेश पाल शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जी-20 की पहली बैठक की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाली जी-20 बैठकों के आयोजन से संबंधित समीक्षा करते हुए रामनगर में होने वाली पहली बैठक की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 की राज्य में आयोजित होने वाली बैठकों से विश्व स्तर पर उत्तराखण्ड की पहचान बनाने का अच्छा अवसर है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन व जैव विविधता से पूरे विश्व को परिचित कराने का भी यह अवसर है। इसके लिए सभी स्तरों पर बेहतर व्यवस्थायें की जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी यह अच्छा अवसर है। उन्होंने आयोजन स्थल पर उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों पर आधारित स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, सचिव श्री शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, श्री विनोद कुमार सुमन, डॉ. इकबाल अहमद, सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# केरल में बस चालक की हत्या के आरोपितों को गोपेश्वर से किया गिरफ्तार

देहरादून । केरल में बस चालक की हत्या कर पुलिस से बचने के लिए उत्तराखंड आए चार आरोपितों को उत्तराखंड एसटीएफ और केरल पुलिस ने चमोली जिले में गोपेश्वर से गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित केरल के रहने वाले हैं। उनकी लोकेशन उत्तराखंड में मिलने पर केरल पुलिस ने यहां की पुलिस से सहयोग मांगा था। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार केरल पुलिस ने 15 मार्च को संपर्क कर बताया कि केरल में त्रिशूर जिले के चेरपू थानाक्षेत्र में 21 फरवरी 2023 को 10 व्यक्तियों ने अब्दुल सहद निवासी त्रिशूर की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। अब्दुल निजी बस चलाता था।चारों आरोपितों को बस स्टैंड पर गिरफ्तार कर लिया गया । इस मामले में केरल पुलिस ने तीन आरोपितों को तभी गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य आरोपित फरार हो गए। फरार चल रहे चार आरोपितों आमिर निवासी करप्पम वेट्टिल जिला त्रिशूर, अरुण निवासी कोडककट्टी जिला त्रिशूर, सोहेल निवासी कुरुमबिल्ला जिला त्रिशूर और निरंजन निवासी कुरुमिथ जिला त्रिशूर की अंतिम लोकेशन केरल पुलिस को उत्तराखंड में मिली। इस आधार पर एसटीएफ ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि चमोली जिले के गोपेश्वर में कुछ लोग केरल से आए हुए हैं। उनकी पहचान फरार हत्यारोपितों के रूप में होने पर एसटीएफ के निरीक्षक अबुल कलाम, एसआइ यादविंदर सिंह बाजवा और दिलबर नेगी केरल पुलिस को साथ लेकर गोपेश्वर पहुंचे। वहां शुक्रवार को चारों आरोपितों को बस स्टैंड पर गिरफ्तार कर लिया गया। चारों गोपेश्वर से कहीं और जाने की फिराक में थे। केरल पुलिस आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड पर साथ ले गई है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार, मृतक अब्दुल सहद त्रिशूर में एक महिला को काफी समय से परेशान कर रहा था। इसी बात पर क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों ने अब्दुल को बुरी तरह पीट दिया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई।जो आरोपित गोपेश्वर से गिरफ्तार किए गए हैं, उनका कोई साथी उत्तराखंड में रहता है। 15 मार्च को आरोपित उसी के पास छिपकर रहने के लिए उत्तराखंड आए और फिर हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग होते हुए गोपेश्वर पहुंचे। पुलिस आरोपितों के इस साथी के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।



# रामनगर पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल का जोरदार स्वागत

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल के रामनगर पहुंचने पर भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, नगर अध्यक्ष मदन जोशी एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत के अलावा कई कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन हित में कार्य करने के साथ ही आगामी निकाय चुनाव एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया वही पत्रकारों से बातचीत करते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य एक ऐसा राज्य है जहां 72 प्रतिशत हिस्सा वनो का है उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अलावा जन सहभागिता के साथ मिलकर इसे बचाया जाएगा उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष वनों में आग लगने की घटना है काफी कम हुई है और इस वर्ष प्रयास है कि इन घटनाओं पर और अधिक रोक लगाई जाए जिसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नई पर्यटन नीति के तहत कॉर्बेट नेशनल पार्क में पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के साथ ही यहां पर भ्रमण पर आने वाले देसी व विदेशी पर्यटकों को और अधिक सुविधाएं दी जाएंगी तथा उन्होंने कहा कि हाथियों की प्रजाति लगातार कम हो रही है उन्होंने कहा कि गुरुवार को इस पर देश विदेश से आए 100 वैज्ञानिकों द्वारा चर्चा की गई वन मंत्री उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों में देखा जाए तो हाथियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है तथा इस संख्या को बढ़ाने के लिए और प्रयास किए जाएंगे वहीं उन्होंने कहा कि मानव एवं वन्यजीवों की घटनाओं पर रोग लगे इसको लेकर भी सरकार ठोस रणनीति तैयार कर रही है ।



# मानसी नेगी ने सरकार से किया नौकरी के लिये अनुरोध




देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चमोली जिले की एथलीट बेटी मानसी नेगी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है जिसमें मानसी ने राज्य सरकार से नौकरी देने का अनुरोध किया है। हाल ही में तमिलनाडु में हुई 82वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चौंपियनशिप में मानसी ने एक घंटा 41 मिनट में 20 किमी वॉक रेस में गोल्ड मेडल हासिल किया है। लेकिन अपनी प्रतिभा से पहाड़ का नाम रोशन करने वाली मानसी आज दुखी हैं। मानसी नेगी ने अपनी एक फेसबुक पोस्ट में अपना दर्द बयां किया। उन्होंने लिखा कि मुझे शुभकामनाएं और समर्थन देने के लिए आप सभी का धन्यवाद। लेकिन मुझे उत्तराखंड में नौकरी की जरूरत है। मैंने हर बार खुद को साबित किया, लेकिन उत्तराखंड में कोई खेल कोटा नहीं है और ना ही कोई नौकरी का अवसर। मैं अनुरोध करती हूं कि कृपया उत्तराखंड में खेल कोटे की नौकरी का अवसर दें, इससे कई युवा एथलीट बेहतर प्रदर्शन कर और मेडल जीतकर प्रोत्साहित करेंगे। मानसी नेगी ने हाल ही में 73वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप की 10 किलोमीटर वॉकरेस में में भी राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का मान बढ़ाया था। चमोली के एक छोटे से गांव से निकल कर राज्य को स्वर्ण पदक दिलाने का मानसी का यह सफर काफी कठिनाईयों से भरा था। उन्होंने लगातार 4 मैचों में हार का सामना करने पर भी हिम्मत और लगन से लोगों के तानों को दरकिनार करते हुए युवाओं के लिए एक उदाहरण भी खड़ा किया है।

# नौकर ने मालकिन को लगाई दस लाख की चपत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में एक नौकर अपनी मालकिन के विश्वास को चकनाचूर करते हुए 10 लाख रूपये लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित महिला शिकायत लेकर लालकुंआ कोतवाली पहुंची। लेकिन मामला दर्ज न होने के बाद वह एसएसपी पंकज भट्ट से मिली और रूपये वापस दिलाने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी नौकर की तलाश में जुट गई। पुलिस के अनुसार मुनगली गार्डन निवासी प्रिया गुप्ता एसएसपी पंकज भट्ट के पास पहुंची। उसने बताया कि उसकी पटेल चौक साहूकारा लाइन में कृष्णम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। विगत 2 फरवरी 2021 को उसके पति का निधन हो गया। ऐसे में उसके दो बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उस पर आ गई। उसकी दुकान में लालकुआं संजयनगर हाथीखाना निवासी अनोखे पुत्र रामकिशन कश्यप काम करता था। ऐसे में उस पर भरोसा कर उसने 8 जुलाई को अनोखे कश्यप के हाथ बरेली निवासी अपनी बहन के लिए 10 लाख रुपए भेजे। लेकिन जब पता किया तो अनोखे बरेली नहीं पहुंचा और न ही लौट कर आया। तब से वह फरार हो गया। इसके बाद महिला लालकुआं कोतवाली पहुंची। जहां उसने 10 जुलाई 2022 को पुलिस ने तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर तो ले ली। लेकिन कोई रिपोर्ट दर्ज की। न ही कोई फैसला किया। उसने बताया वह अधिक रूपये जाने से उसके बच्चों के पालन-पोषण में परेशानी आने लगी है। जिसके बाद वह एसएसपी पंकज भट्ट से मिली और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नौकर की तलाश शुरू कर दी है।

# बोर्ड परीक्षा में बिजली कटौती पर लगे रोक

रामनगर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार जी 20 के रामनगर में प्रस्तावित आयोजन की तैयारियों से रामनगर मे लगातार हो रही बिजली कटौती से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्रों को व रामनगर की जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिनभर में अलग अलग क्षेत्रों में लोगो को कई घंटो तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी समय बिजली गुल होने से लोगो के कार्य प्रभावित हो रहे। आइसा अध्यक्ष सुमित ने कहा कि, रामनगर में लगातार हो रही बिजली कटौती से बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों पर बिजली कटौती भारी पड़ रही है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बधित हो रही है। बिजली नही होने के कारण विद्यार्थीयों को पढ़ने का समय नही मिल पा रहा है,इसके कारण छात्रों को परीक्षा परिणाम खराब होने का डर सता रहा है। 12वीं के छात्र सुमित कश्यप ने कहा कि, जीवन में पहली बार बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग कर रहा हूँ। इसलिए मैं व्यवस्थित तरीके से करना चाहता हूँ। लेकिन तैयारी के दौरान बार बार बिजली का आना जाना मुश्किलें बढ़ा देता है। तैयारी के लिए समय निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर बिजली कटौती की बजह से पानी की समस्या से भी जुझना पड़ रहा है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोशिएसन (आइसा) ने मांग की है कि परीक्षा के दिनों में बिजली आपूर्ति को बाधित न होने दिया जाए। बिजली आपूर्ति के समय की भी पूर्व में ही जानकारी देने की मांग की। इस दौरान इंकलाबी नौजवान सभा के एडवोकेट विक्रम मावड़ी, रेखा आर्य, ट्रेड यूनियन नेता कैलाश पाण्डेय, मोहम्मद रिहान सिद्दकी, कंचनआर्या,नेहा आर्य, दीक्षा करगेती, अर्जुन, उमेश आदि मौजूद रहे।

# ट्रांजिट कैंप में शासन प्रशासन का फूंका पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम में विपक्ष के नेता मोनू निषाद के नेतृत्व में ट्रांजिट कैंप स्थित गोल मढैया में व्यापारियों को उजड़े जाने के खिलाफ जिला प्रशासन व भाजपा की राज्य सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान मोनू निषाद ने कहा कि जिला प्रशासन हिटलर शाही पर उतारू है और जी 20 सम्मेलन के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ने का कार्य कर रहा है। हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जो व्यापारियों का साथ देने का वादा करते थे। वह मौके पर कहीं गुम हो गए हैं और व्यापारियों को अधर में छोड़कर अज्ञातवास में चले गए हैं। उन्होंने कहा मेयर और क्षेत्रीय विधायक दो दिन पहले तक व्यापारियों को आश्वासन देते रहे। जिससे व्यापारियों में भ्रम की स्थिति बनी रही और व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। लेकिन जब प्रशासन ने दुकानों को तोड़ने की तैयारी कर ली तब जनप्रतिनिधि अचानक गायब हो गए और व्यापारियों को उनके हाल पर छोड़ दिया। आज व्यापारियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मोनू निषाद ने कहा की नैतिकता के आधार पर मेयर और विधायक को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। मोनू निषाद ने कहा कि इन व्यापारियों की दुकानों को हटाने से सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। लगभग डेढ़ सौ दुकानों पर जो सेकड़ो कर्मचारी काम करते थे उनके परिवारों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट हो गया और हमारे जनप्रतिनिधि चौन की नींद सो रहे हैं। प्रशासन ने धारा 144 के नाम पर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा और विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती मीना शर्मा, विधायक प्रतिनधि गौरव बेहड़ सहित व्यापारी नेताओ को हिरासत में लिया गया। जो कि बेहद निंदनीय है। इस मोके पर महामंत्री विजय अरोड़ा, अर्जुन विश्वास, वरिष्ठ नेता दिलीप अधिकारी, सुमित राय, रंजीत राणा, पार्षद मोहन भारद्वाज, कैलाश राठौर, जगदीश कर्मकार, मोनिका ढाली, रामप्रसाद, संजीव रस्तोगी, सुदर्शन शर्मा, विजय कुमार, रंजीत कर्मकार, गोविंद विश्वास, अरविंद सक्सेना, उम्र सरकार, फैजल खान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



# कृत्रिम झील निर्माण की कवायद तेज

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट केदारेश्वर मैदान के समीप कृत्रिम झील बनने की कवायद तेज हो गई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। जल्द बैजनाथ की तर्ज पर यहां झील तैयार की जाएगी।मालूम हो कि केदारेश्वर मैदान के समीप सरयू नदी में कृत्रिम झील प्रस्तावित है। इसके लिए बजट भी स्वीकृत हो गया है। अब इसके बनने की तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को मुख्य अभियंता संरक्षण फेस टू सिंचाई विभाग अल्मोड़ा के चंद्रशेखर एनके खैर, अधिक्षण अभियंता अल्मोड़ा, कपकोट सिंचाई विभाग के एक्शन पान सिंह बिष्ट, अभियंता जगत सिंह बिष्ट सभासद तनुज तिरुवा, हरीश शाही, शिखर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इधर विभागीय हरकत के बाद लोगों को भी जल्द बैजनाथ की तर्ज पर कपकोट में भी कृत्रिम झील की उम्मीद जगने लगी है। लोगों का कहना है कि झील बनेगी तो यहां भी नौकायन का आनंद लोग उठा पाएंगे।

